CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 73 | जयपुर, गुरूवार 02 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# भजनलाल सरकार के प्रयासों से प्रदेश में युवा शक्ति और खेल जगत में स्वर्णिम युग का आगाज

## प्रदेश के टैलेंटेड युवाओं को वैश्विक स्तर पर मिल रही अलग पहचान, पिछले सवा दो साल में युवाओं के करियर को ब्राइट बनाने के लिए कई बड़े फैसले लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जीता युवाओं का दिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद युवा है इसलिए युवाओं की समस्याओं के समाधान और युवाओं के करियर को सही दिशा और गति देने में पिछले दो साल में मुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने कई बड़े फैसले लिए उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश का युवा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ करते नहीं थकता एक तरफ विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के टैलेंटेड युवाओं को वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान मिल रही है तो दूसरी तरफ प्रदेश में युवा नीति 2026 लागू करके प्रदेश की भजनलाल सरकार ने युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है बड़ी बात यह है कि प्रदेश के खेल जगत में पिछले सवा दो साल में प्रदेश सरकार ने जो निर्णय लिए और जो नवाचार किया उसी का परिणाम है कि आज राजस्थान के युवा विभिन्न खेलों में देश में ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करके खुद का राजस्थान का और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं पिछले सवा दो साल में वैसे तो प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विभिन्न खेलों और खिलाड़ियों के विकास और भलाई के लिए कई बड़े फैसले लिए और कई नवाचार किया लेकिन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी का सफल आयोजन करके भजनलाल सरकार ने प्रदेश में विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों को जहां प्लेटफॉर्म देकर उनके करियर को तेजी से आगे बढ़ने का काम किया तो दूसरी तरफ इस प्रतियोगिता का सफल



आयोजन करके पूरे देश में सरकार की श्रेष्ठ को भी साबित किया प्रदेश में खेल विभाग की जिम्मेदारी राज्यवर्धन सिंह राठौर के हाथों में हैं और राठौर खुद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज रह चुके हैं इसलिए राठौर से ज्यादा खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए भला कौन ज्यादा जानकारी रख सकता है इसीलिए राठौर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के समक्ष प्रदेश के विभिन्न खेलों और खिलाड़ियों के विकास और कल्याण के लिए जो भी योजनाएं प्रस्तुत की उन पर तुरंत मुख्यमंत्री शर्मा ने अपनी सहमति प्रदान करने के साथ-साथ बजट भी आवंटन किया जिसकी वजह से प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के कल्याण और विकास में पिछले सवा दो साल बहुत ही महत्वपूर्ण साबित हुए इसलिए सवा दो साल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजस्थान के खिलाड़ियों का पहले की तुलना में बहुत ही शानदार प्रदर्शन रहा

जानकारी के अनुसार पिछले सवा दो साल में प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का बहुत ही शानदार तरीके से ऐतिहासिक आयोजन हुआ तो दूसरी तरफ चालू साल में ही भजनलाल सरकार ने 271 करोड रुपए का बजट खेलों के लिए आमंत्रित किया है जिसमें 23 स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा और विभिन्न खेलों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ खिलाड़ियों की सुविधा और खेल मैदान को विकसित किया जाएगा इसके अलावा सरकार ने एक जिला और एक स्पोर्ट्स नीति लागू की तथा युवा नीति 2026 को भी लागू किया गया है इसके अलावा प्रदेश में महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए भी युद्ध स्तर पर कार्य शुरू हो गया है इस विश्वविद्यालय के शुरू होने से विभिन्न खेलों और खिलाड़ियों के स्तर में शानदार सुधार होगा इसकी वजह से प्रदेश के खेल जगत को और भी बुलंदी मिलेगी इसके अलावा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले और मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में भी सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को कई तरह की सुविधा सरकार ने सुनिश्चित की है प्रदेश में विभिन्न खेलों में टैलेंटेड खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण मिले इसके लिए भी सरकार ने विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की है जिसमें विभिन्न खेलों के श्रेष्ठ प्रशिक्षकों की ओर से टैलेंटेड खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करके ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित प्लेटफार्म दिलाने की दिशा में भी सरकार निरंतर काम कर रही है इस तरह से खेल जगत में प्रदेश के भजन लाल सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं उसी का नतीजा है कि आज राजस्थान में खेलों का एक अच्छा माहौल देखने को मिल रहा है इसके अलावा प्रदेश में युवा जो पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक हमेशा सड़कों पर नजर आए पिछले सवा दो साल में राजस्थान में कहीं भी राजस्थान का युवा आंदोलन करता हुआ सड़क पर नजर नहीं आया जो यह दिखाता है कि कहीं ना कहीं प्रदेश के युवाओं का भरोसा और विश्वास हासिल करने में भजनलाल सरकार ने सफलता हासिल की है अन्यथा पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में पूरे 5 साल तक विभिन्न पेपर लीक मामलों बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर युवा सड़कों पर आंदोलन करता हुआ नजर आया था लेकिन पिछले सवा दो साल में भजनलाल सरकार ने वादे के मुताबिक प्रदेश की युवाओं को सरकारी क्षेत्र में और निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध करवाया है बड़ी बात यह है कि करीब 300 से ज्यादा सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ जिसमें एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ इसीलिए प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को काफी पसंद करने लगे हैं ।

# हमारी सरकार शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए कर रही सतत प्रयास, एक भी पेपर लिक नहीं हुआ : भजनलाल शर्मा




## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजा पार्क में आदर्श विद्या मंदिर संस्थान में सभागार का किया लोकार्पण और कहा दुनिया में युवा शक्ति का भारत सबसे बड़ा केंद्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोर देकर कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश में शिक्षा के सुदृढ़ीकरण को लेकर पहले दिन से ही सतत प्रयास कर रही है इसके लिए हमने कई बड़े फैसले और कई बड़े कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के ना तो व्यक्ति का विकास होता है, ना ही समाज, प्रदेश और देश का इसलिए हम शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को जयपुर के राजा पार्क में आदर्श विद्या मंदिर संस्थान के सभागार के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर संस्थान बच्चों को शिक्षा ही उपलब्ध नहीं करवाता बल्कि मानवता, करुणा, राष्ट्र भक्ति, नैतिक आचरण जैसे भाव भी बच्चों में पैदा करता है इसलिए आदर्श विद्या मंदिर संस्थान बच्चों को एक श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में तो अच्छा काम कर ही रहा है इसके अलावा धार्मिक सामाजिक क्षेत्र में भी यह संस्थान अच्छा काम कर रहा है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि दुनिया में भारत युवा शक्ति का सबसे बड़ा केंद्र है और एक श्रेष्ठ युवा समाज प्रदेश और देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाता है इसलिए स्कूली जीवन में ही बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सही दिशा और गति मिल जाती है तो फिर वह निरंतर सफलता की ओर अग्रसर होता रहता है इस कार्य में आदर्श विद्या मंदिर संस्थान की भूमिका काफी अच्छी रही है हमारी सरकार में एक भी पेपर लिक नहीं हुआ, वादे के मुताबिक युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्र में दे रहे रोजगार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि पिछली सरकार में पूरे 5 साल तक एक के बाद एक सभी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए इसकी वजह से प्रदेश के युवाओं का ना तो रोजगार लगा और युवा पूरे 5 साल तक सड़कों पर आंदोलन करते रहे लेकिन हमारी सरकार के कार्यकाल में कई सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हो चुका है जिसमें एक भी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक नहीं हुआ यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है उन्होंने कहा कि हमने करीब 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दे दी है तथा 153000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है इसके अलावा डेढ़ लाख सरकारी नौकरियों का नया कैलेंडर जारी कर दिया है साथ ही निजी क्षेत्र में भी लगातार युवाओं को प्राइवेट कंपनियों में रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है इसके लिए सभी जिलों में रोजगार मेले आयोजित किया जा रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल में पानी बिजली सड़क उद्योग कृषि रोजगार चिकित्सा परिवहन शिक्षा महिला सुरक्षा पुलिसिंग वृक्षारोपण इत्यादि क्षेत्रों में बहुत काम किया है उन्होंने कहा कि हम आगामी सालों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में सरकारी योजनाएं तैयार कर रहे हैं और फिर उनका सफल क्रियान्वयन भी करवा रहे हैं इसीलिए पिछले सवा दो साल में प्रदेश के विकास को तेजी से गति मिली है और हर क्षेत्र में हमने शानदार काम किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के मार्गदर्शन, सहयोग और दिशा निर्देशन में राजस्थान तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने की दिशा में विकसित राजस्थान का निर्माण करके पूरे देश में अग्रणी रहेगा ।

# अपनी प्रशासनिक कुशलता, कड़ी मेहनत और निर्णय लेने की क्षमता से जितेंद्र कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री का भी जीत लिया दिल

## लो प्रोफाइल, निर्विवादित एवं संवेदनशील छवि के अधिकारी हैं डॉ. सोनी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन और मेंडेट को राजधानी जयपुर में प्रभावी एवं जमीनी स्तर पर किया साकार




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** वैसे तो जयपुर जिला कलेक्टर का पदभार ग्रहण करने से पहले भी जितेंद्र कुमार सोनी ने अपनी प्रशासनिक कुशलता, नवाचार और निर्णय लेने की अपनी अद्वितीय क्षमता से सरकार से जुड़े लोगों को काफी प्रभावित किया हुआ था लेकिन जयपुर जिला कलेक्टर पद पर रहने के दौरान सोनी ने जनता से सीधे जुड़ी विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं का समाधान करके विभिन्न क्षेत्रों में जो ऐतिहासिक कार्य किया उसकी गूंज शासन सचिवालय के गलियारों में भी खूब सुनने को मिली और यह गूंज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कानों तक भी पहुंची तो उन्होंने सोनी को अपना सचिव बनाने का निर्णय लिया, सोनी का यह दायित्व न केवल उनके दीर्घ प्रशासनिक अनुभव, बल्कि उनकी संवेदनशील, संतुलित एवं परिणामोन्मुख कार्यशैली की स्वाभाविक परिणति है। डॉ. सोनी एक ऐसे अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं, जिन्होंने सदैव सादगीपूर्ण, निर्विवादित एवं जनोन्मुखी छवि के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है।


बतौर जिला कलक्टर, जयपुर डॉ. सोनी ने प्रशासनिक नवाचारों के माध्यम से सुशासन की एक नई कार्यसंस्कृति स्थापित की। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन, प्राथमिकताओं एवं मेंडेट को राजधानी जयपुर में प्रभावी, पारदर्शी और परिणामकारी तरीके से लागू करते हुए प्रशासनिक दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन ने न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई, बल्कि आमजन के जीवन में प्रत्यक्ष सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित किया। डॉ. सोनी के कार्यकाल का सबसे उल्लेखनीय नवाचार रास्ता खोलो अभियान रहा, जिसने सुशासन को जमीनी स्तर पर साकार करने का कार्य किया। इस अभियान के अंतर्गत 17 महीनों से भी कम समय में 1800 से अधिक अवरुद्ध रास्तों को खुलवाया गया, जिससे लाखों ग्रामीणों के लिए आवागमन सुगम हुआ और उनकी आजीविका एवं दैनिक जीवन से जुड़ी अनेक समस्याओं का समाधान संभव हो सका। यह पहल राज्य स्तर पर व्यापक रूप से सराही गई और अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी।

शिक्षा के माध्यम से सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में भी डॉ. सोनी के प्रयास अत्यंत सराहनीय रहे। नरेगा आखर अभियान के माध्यम से निरक्षर मनरेगा श्रमिकों में साक्षरता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हुए उन्हें शिक्षित बनाने का अभिनव प्रयास किया गया। इस अभियान के तहत आयोजित असेसमेंट टेस्ट में जिले के 41 हजार 290 श्रमिकों का सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होना इस पहल की व्यापक स्वीकार्यता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।अभियान के आगामी चरण में इन श्रमिकों को बैंकिंग प्रक्रियाओं, खाता संचालन, एटीएम एवं यूपीआई के उपयोग, विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ाव, डिजिटल साक्षरता, मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग, ऐप्स की जानकारी, ओटीपी एवं पासवर्ड सुरक्षा, तथा ऑनलाइन सरकारी सेवाओं के उपयोग के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह पहल उन्हें न केवल साक्षर बनाएगी, बल्कि डिजिटल युग में आत्मनिर्भर एवं सशक्त नागरिक के रूप में स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

इसके अतिरिक्त, सक्षम जयपुर अभियान के माध्यम से भी आमजन के जीवन में ठोस एवं सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयास किए गए। इस अभियान ने प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद, विश्वास एवं सहभागिता को सुदृढ़ करते हुए सुशासन की अवधारणा को और अधिक व्यापकता प्रदान की।

वहीं, डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में पंच गौरव योजना खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने में सशक्त माध्यम साबित हुई। योजना के तहत जयपुर में कबड्डी के 1 हजार 173 मैदान और 20 सिंथेटिक मेट मैदान तैयार किये गए हैं। इन मैदानों पर कबड्डी की प्रतिभाएं पसीना बहा रहीं हैं।जयपुर जिला प्रशासन ने डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में एक अनूठी पहल के तहत स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों एसडीएम, बीडीओ, तहसीलदार और ईओ ने अपने-अपने क्षेत्र में पार्क गोद लिए। जनसहयोग और सहभागिता से इन पार्कों में ओपन जिम, वॉकवे और बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के एक अभिनव नवाचार के तौर पर जिले के सभी उपखण्डों में चरणबद्ध रूप से नारी चौपाल कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें हजारों की तादाद में महिलाओं ने अपनी सक्रियता भागीदारी से महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के स्वर गूंजे।

डॉ. सोनी की कार्यशैली में संवेदनशीलता, नवाचार, पारदर्शिता और परिणामपरकता का अद्वितीय समन्वय देखने को मिलता है। मुख्यमंत्री सचिव के रूप में उनकी यह नई जिम्मेदारी निश्चित ही राज्य प्रशासन को और अधिक गतिशील, उत्तरदायी एवं जनकेंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनके नेतृत्व में राज्य में सुशासन की परिकल्पना को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होने की पूर्ण संभावना है।




CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
02 अप्रेल, 2026

## हनुमान जी का जन्मोत्सव आज

## श्री डंडे वाले हनुमान मंदिर पर होंगे अनेक धार्मिक आयोजन, सजेगी हनुमान जी की झांकी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के हजूरी गेट के स्थित श्री श्री 1008 डण्डे वाले हनुमान जी महाराज के मंदिर में 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर के महंत पंडित कुणाल शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मंदिर पर विद्युत् रौशनी से सजावट की जाएगी साथ में मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा को विशेष चोला चढ़कर बाबा की फूलों से आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। महंत ने बताया कि धार्मिक मांगलिक कार्यक्रम के तहत 28 मार्च, शनिवार को श्री रामायण जी के शुरू हुए पाठ का समापन प्रातः 10 बजे होगा। इसके बाद प्रातः 10 बजे हवन होगा। वहीं दोपहर सवा एक बजे महिलाओ द्वारा संकीर्तन किया जाएगा। पंडित ने बताया कि सायं 07-15 बजे महाआरती होगी ओर सायं 08-15 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें शहर के नामी कलाकार बाबा का गुणगान करेंगे।



## सांड के हमले में युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय दिखनादा बाजार स्थित एक मॉल के पास भवानी सिंह, निवासी गांव डाबड़ी क़ो सांड ने सींग मारकर घायल कर दिया। जिसे पडोसी दुकानदार सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आए। सांड के इस हमले में घायल की जाँघ पर 7 टांके आए हैं। डॉ कमल धानिया ने इलाज किया। ज्ञात रहे कि इस तरह की घटनाएं प्रायः होती रहती है, पर प्रशासन इस मामले मे उदासीन बना हुआ है।

## दो सड़क हादसे में 6 लोग घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बोबासर के पास सुजानगढ़ चुंगी नाका रोड की ओर सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। जिनको 108 से सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया जहाँ से गंभीर स्थिति के कारण दोनों क़ो हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। युवक सूर्य प्रकाश, रतन दोनों निवासी बोबासर गांव के हैं। इसी प्रकार गत शाम को शाम करीब 7 बजे सुजानगढ़ कसूम्बी रोड पर शिवबाड़ी से आगे दो मोटरसाइकिल आपस में जबरदस्त टकरा गयी, जिससे एक मोटरसाइकिल पर सवार सुभाष, निवासी धोलिया जो सुजानगढ़ से अपने गांव जा रहा था, घायल हो गया। इसी प्रकार दूसरी मोटरसाइकिल जो कसूम्बी रोड साइड से सुजानगढ़ साइड आ रही थी, जिस पर हितेश भार्गव, शिवराज उर्फ़ शिवम, धीरज भार्गव, निवासी सुजानगढ घायल हो गए। जिनको बजरंगी गौ सेवा समिति के बबलू बजरंगी, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। गंभीर स्थिति के कारण सुभाष क़ो हायर सेंटर रेफर कर दिया। जसवंतगढ़ पुलिस भी मौक़े और अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली।

## हनुमान जन्मोत्सव पर आज होंगे धार्मिक कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के हृदय स्थल सुभाष चौक स्थित प. राधाकृष्ण मुरलीधर ढण्ढ की हवेली से झुंझुनूं रोडस्थित ढण्ढों के बालाजी मन्दिर तक ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी ढण्ढो के बालाजी मन्दिर सोसायटी प्रमुख भास्कर शर्मा ने दी। गुरूवार को सुबह नौ बजे से ध्वज यात्रा प्रारम्भ की जाएगी, बाद में प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार मुकुन्दगढ़ मार्ग स्थित जाल वाले बालाजी मन्दिर में गुरूवार रात्रि सवा नौ बजे सारनाथ आश्रम, फतेहपुर बऊधाम के पीठाधिश्वर रोशननाथ महाराज व छोटेनाथजी की मडी के संत नवीननाथ महाराज के सानिध्य में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प0 गिरधारीलाल सुरोलिया ने दी।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेण्डर के लिए करवाना होगा पंजीकरण: कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले में बिना पंजीकरण किसी भी उपभोक्ता को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति नहीं जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले में रसोई गैस, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आमजन को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जिले में संचालित समस्त पेट्रोल पंपों पर सतत् निगरानी रखने व किसी भी स्तर पर अनावश्यक भंडारण न करने तथा आवश्यकता से अधिक ईंधन क्रय करने वालों पर विशेष निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार व्यावसायिक उपयोग के लिए निर्धारित मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया है साथ ही प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सालयों, विद्यालयों व अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की का रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी एक्टिव कनेक्शनधारक व्यावसायिक व औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए संबंधित ऑयल कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूटर के पास पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पंजीकरण किसी भी उपभोक्ता को कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति नहीं की जाएगी। इसके साथ ही राज्य सरकार की ओर से यह भी अनिवार्य किया गया है कि सभी कमर्शियल व औद्योगिक उपभोक्ता अपने क्षेत्र की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (पीएनजी) कंपनी में पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करें। आवेदन के उपरांत ही उन्हें एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के ऑयल मार्केटिंग कंपनियों में बड़े पैमाने पर कॉमर्शियल कनेक्शन हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी। प्राथमिकता क्रम के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग संस्थानों व छात्रावासों तथा निजी अस्पतालों को 100 प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं ढाबों तथा डेयरी उद्योगों को विभागीय निर्देशानुसार आपूर्ति की जाएगी। यह प्रतिशत संबंधित उपभोक्ताओं के औसत मासिक उपभोग के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से व्यवस्था की सतत् निगरानी की जा रही हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अव्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए प्राप्त होने वाली सूचना एवं शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है।

### जिला कलक्टर ने किया राजगढ क्षेत्र का दौरा

# सीएचसी पर सिजेरियन डिलीवरी सहित ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत उपचार की समुचित व्यवस्था पुख्ता रखने के दिए निर्देश

## जल संरक्षण संरचना के रूप में पाटन की प्राचीन बावडी के पुनरूद्धार कराने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजगढ़ क्षेत्र के दौरे पर रहकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ एवं रैणी के ग्राम पाटन स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं एवं बावड़ी के पुनरूद्धार करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने ओपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम, दवा वितरण केंद्र, पर्ची काउंटर आदि का निरीक्षण कर सीएचसी प्रभारी को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पडे, इसके लिए सभी व्यवस्था पुख्ता रखे। उन्होंने लेबर रूम, प्रसूति वार्ड का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सीएचसी में एनेस्थिसिया व गायनोलॉजिस्ट चिकित्सक उपलब्धता है। इसलिए सिजेरियन डिलीवरी की स्थिति में सीएचसी स्तर पर ही सिजेरियन डिलीवरी की जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा मिल सके। उन्होंने निर्देश दिये कि सीएमएचओ को निर्देश दिये कि ट्रॉमा सेंटर एवं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें, ताकि एक्सप्रेस-वे सहित अन्य राजमार्गों पर दुर्घटना की स्थिति में मरीजों को त्वरित उपचार एवं स्थानीय स्तर पर चिकित्सा का विस्तार हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे।

उन्होंने पर्ची काउंटर के पास डिस्प्ले, एमओटी में हाफ कटर व गेट पर पर्दे लगाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत लू एवं तापघात से प्रभावित मरीजों के लिए उपचार की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्मी के मौसम में सीएचसी पर मरीजों के लिए शीतल पेयजल, छाया, बैठक, पंखे, कुलर आदि व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर सीएचसी की सुविधाओं एवं उपचार के संबंध में फीडबैक लिया, जिस पर मरीजों ने सीएचसी की सभी सुविधाओं को बेहतर बताया।

जिला कलक्टर ने रैणी के ग्राम पाटन स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण कर कहा कि जल संरक्षण संरचनाओं के रूप में प्राचीन बावडियों का ऐतिहासिक महत्व रहा है। इसी के दृष्टिगत उन्होंने उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिये कि प्राचीन जल संरक्षण के रूप में अवस्थित बावड़ी का पुनरूद्धार कार्य शीघ्र कराया जावे, ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके। उन्होंने आसपास की ग्रामीणों से संवाद कर वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने उपखंड अधिकारी और विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में 100-100 वर्षा जल स्ट्रक्चर का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें, ताकि इस बरसात में ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी राजगढ सीमा मीना, उपखण्ड अधिकारी रैणी हरकेश मीना, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, विकास अधिकारी सुनीता मीणा, तहसीलदार कल्याण सहाय, बीसीएमओ डॉ. विशाल सिद्ध, सीएचसी प्रभारी डॉ. रमेश मीना, मुकेश सोनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध हथियार फैक्ट्री और पुलिस पर फायरिंग मामले में 3 दोषियों को 7-7 साल की सजा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** करीब एक दशक पुराने अवैध हथियार निर्माण और पुलिस पर फायरिंग के सनसनीखेज मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी ठहराया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-1, अलवर धीरज शर्मा ने प्रत्येक आरोपी को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

### मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई

सरकारी वकील नवनीत तिवाड़ी के अनुसार, 28 अक्टूबर 2016 को नौगांवा थाने के तत्कालीन थानाधिकारी शिवराम गुर्जर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मूनपुर करमला के जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं और उनकी सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी।

### पुलिस पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई

पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए मोर्चा संभाला। कुछ देर चली मुठभेड़ के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

मौके से हथियारों का जखीरा बरामद

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देशी कट्टे और चार जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण–धौंकनी, ड्रिल मशीन, संडासी, शिकंजा मशीन, हथौड़ी, आरी, छेनी सहित अन्य सामान भी जब्त किया गया।

बरामद अवैध हथियारों में 32 बोर की तीन पिस्टल, 12 बोर की पोना दुनाली व सिंगल नाली बंदूकें, 315 बोर की डबल और सिंगल बैरल बंदूकें, एक 12 बोर का देशी कट्टा, 315 बोर के नौ कट्टे, 35 बोर के 21 कारतूस और 12 बोर के पांच कारतूस शामिल हैं।

### 10 साल बाद आया फैसला

मामले में पुलिस द्वारा चालान पेश किए जाने के बाद लंबी न्यायिक प्रक्रिया चली। करीब 10 वर्ष बाद अदालत ने अपना निर्णय सुनाया।

### इन आरोपियों को मिली सजा

अदालत ने साहुन पुत्र इनायत (32) निवासी लहचोड़ी, गोवर्धन (उत्तर प्रदेश), शाकिर पुत्र सम्मी (35) निवासी नंदेरा बास, कांमा तथा हनफा पुत्र चंदू (60) निवासी हातिया, बरसाना (उत्तर प्रदेश) को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अदालत के इस फैसले को अवैध हथियार निर्माण और पुलिस पर हमले जैसे गंभीर अपराधों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े और भक्ति रस रंग के साथ अकबरपुर बगीची वाले हनुमान जी महाराज की आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### जिलेभर में आज होंगे श्री हनुमान जन्मोत्सव पर अनेको धार्मिक आयोजन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्रीराम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव पर जिलेभर में गुरुवार को अनेक धार्मिक आयोजन होगे। इस मौके पर हर वर्ष की भांति शहर से निकलने वाली अकबरपुर बगीची वाले हनुमान जी महाराज की शोभायात्रा भी निकलेगी। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने बताया कि श्री बगीची वाले हनुमान जी महाराज जयपुर रोड अकबरपुर वालो की भव्य शोभायात्रा 02 अप्रैल, वार गुरुवार को प्रातः 9.30 बजे शहर के केडलगंज से प्रारम्भ होगी, जो शहर में केडलगंज से नगर निगम, घंटाघर, होपसर्कस, कन्ट्रोल रूम, गायत्री मन्दिर रोड, घोडाफेर, बाई पैडी होते हुए लगभग शाम 4.00 बजे श्री बगीची वाले हनुमान जी महाराज अकबरपुर मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी।

### ये होंगे आकर्षण के केंद्र

हनुमान जी की शोभायात्रा में गणेश जी की झांकी, रघुवीर ताशा पार्टी, अन्य भगवानो की झांकीयां, अशोक वाटिका, पांच प्याऊ, पांच डी.जे., धमाल ढोल के अतिरिक्त घंटा घडियाल, तोप से पुष्प वर्षा, दुर्गा बैण्ड आदि शामिल होगी। उन्होंने बताया कि हनुमान जी की शोभायात्रा में लगभग 551 ध्वज लेकर हजारो भक्त भी राम जी का नाम लेते हुए चलेंगे। इसके अलावा वृंदावन के कारीगरों द्वारा सुसज्जीत बाबा का रथ भी शामिल होगा। शोभायात्रा में इस बार अलवर के धार्मिक स्थलो से जुडे साधु-संत अलग-अलग बग्गीयों में विराजमान होकर यात्रा में शामिल होगें। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने बताया कि यह यात्रा लगभग 20 किमी की रहेगी। रास्ते भर में पैदल वाहको के लिए लगभग 40 जगहो पर जलपान की व्यवस्था रहेगी। मंदिर पर गुरुवार को को लगभग 10000 लोगो के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन भी होगा।

## खैरथल-तिजारा को विकास की नई दिशा देंगे जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश, संभाला पदभार

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** बुधवार को जिले के जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने जिला कलेक्टर खैरथल तिजारा का विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट में सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं अधिकारियों के साथ परिचयात्मक चर्चा की और जिले में चल रही योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी तथा प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित मॉनिटरिंग कर जनहित के कार्यों को गति देगें। उन्होंने जिले के समग्र विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, विद्युत और स्वच्छता जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों की गुणवत्ता सुधार तथा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर देने की बात कही। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की बात कही।

युवाओं के कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए निवेश को आकर्षित करने, उद्योगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने की भी बात कही।

जिला कलेक्टर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके लिए योजनाओं की नियमित समीक्षा कर पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने और जिले को विकास के नए आयाम तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने विधायक निधि कोष से 4 करोड़ से अधिक के पेयजल कार्यों के लिए राशि की स्वीकृत

### शहर में पेयजल समस्या के निजात हेतु लगेंगे 33 थ्री फेस ट्यूबवेल

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर शहर में पेयजल समस्या के निजात हेतु विधायक निधि कोष से 4 करोड 12 लाख 50 हजार की राशि की स्वीकृत प्रदान की है, जिससे शहर में 33 थ्री फेस ट्यूबवेल कराए जाएंगे। वन राज्यमंत्री शर्मा ने बताया कि शहर में गर्मियों में सुचारू पेयजल आपूर्ति एवं पेयजल समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक निधि कोष से 4 करोड़ 12 लाख 50 हज़ार की राशि स्वीकृत की है, जिसके अंतर्गत राजकीय जी.डी. कॉलेज के परिसर, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय के परिसर, गली नं. 1 के आसपास साहब जोहड़ा वार्ड नं. 60, बी ब्लॉक मन्दिर वाले पार्क के पास कर्मचारी कॉलोनी, सेड माता मन्दिर प्लाट नं. सी-1 के पास कर्मचारी कॉलोनी, गुरूद्वारे के पास नेहरू नगर वार्ड नं. 44, जय पलटन के पास हरदेव विहार वार्ड नं. 28, प्लाट नं. 1द 35 के आस-पास मनुमार्ग हाउसिंग बोर्ड, कटारिया नर्सरी के पास जय अम्बे कॉलोनी 160 फुट रोड़ वार्ड नं. 46, कोली कॉलोनी, वार्ड नं. 41, गुरूद्वारे के पास मूर्ति मौहल्ला 60 फुट रोड़ पर, चोर डूंगरी के पास वार्ड नं. 33 में, विजय अम्बेश वाली गली शक्ति पीठ विद्यालय के पास शक्ति नगर खुदनपुरी रोड पर, शिव वाटिका के पास आजाद नगर वार्ड नं. 52, पोस्ट ऑफिस के पास मनुमार्ग हाउसिंग बोर्ड, पोस्ट ऑफिस के पास मनुमार्ग हाउसिंग बोर्ड, नरेश धानावत के पास खदाना मौहल्ला वार्ड नं. 15 में, मधुवन पार्क के पास साउथ वेस्ट ब्लॉक वार्ड नं. 28 में, बी-282 के पास मालवीय नगर वार्ड नं. 37 में , गंगा सहाय के मकान के आस-पास मीणा पाड़ी में , रॉयल इनफिल्ड शोरूम के पास तिजारा रोड़ वार्ड नं. 65 में, गायत्री मन्दिर रोड़ आपणो मैरिज होम के सामने, गुप्ता कॉलोनी जवाहर नगर में, एसबीआई बैक के पास स्कीम नं. 1 में, प्लाट नं. 2/344-345 के सामने सैक्टर 2 एनईबी विस्तार पार्क में, सुनिता अस्पताल के पास स्कीम नं. 2 में, अनन्त प्रेम दास आश्रम प्लाट नं. 378 के पास स्कीम नं. 2 मे, सतीश यादव प्लाट नं. 78 के पास चेतन एनक्लेव फेस प्रथम जयपुर रोड़ पर, श्री बालाजी हनुमान मन्दिर के पास एफसीआई ऑफिस के पहले मोती डूंगरी पर, वृन्दावन पार्क के पास साउथ वेस्ट ब्लॉक में, जोगेन्द्र गुप्ता के मकान के पास पूर्वी ब्लाक, आदर्श कॉलोनी, दाउदपुर में, संतोष देवी के मकान के पास शिव मंदिर वाली गली गणपति विहार वार्ड नं. 61 में, अम्बेड़कर नगर में प्लाट नं. डी-5 (ओसीएफ) मीना बालिका छात्रावास के पास तथा स्टेशन रोड स्थित सार्वजनिक गौशाला तेज मण्डी आदि कुल 33 स्थानों पर थ्री फेस ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। इन ट्यूबवेलों की जिला परिषद द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। शीघ्र ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अलवर द्वारा विभागीय कार्यवाही की जावेगी।

## सैनी समाज की बैठक में कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार परामर्श कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय

### पीएमओ प्रेमचंद सैनी के कार्यभार ग्रहण करने पर सामाजिक पदाधिकारियो ने किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला सैनी महासभा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक काशीराम चौराहे के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। युवा जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि समाज के उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा, रोजगारपरक अवसरों एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से 19 अप्रैल 2026, रविवार को 'कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार परामर्श कार्यक्रम' आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से डॉ. इंजीनियरिंग क्लासेज, महाराजा होटल के पास, रेलवे स्टेशन रोड, अलवर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, कृषि, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं, पैरा मेडिकल सहित कम प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए खेल, सेना एवं डिफेंस क्षेत्र में कैरियर और रोजगार की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। बैठक के अंत में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमचंद सैनी के कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा उन्हें साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन अनिवार्य रहेगा तथा पंजीयन की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इस अवसर पर अलवर जिला सैनी महासभा अध्यक्ष पूर्णमल सैनी, सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष प्रताप सैनी (धारा भाई), सैनी शिक्षा समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी, सैनी छात्रावास समिति अध्यक्ष रामप्रसाद सैनी, कर्मचारी अधिकारी संस्था अध्यक्ष इंजि. ललित प्रसाद सैनी, फल-सब्जी मंडी आढ़ती यूनियन अध्यक्ष कैलाश चंद्र सैनी, कर्मचारी अधिकारी संगठन अध्यक्ष प्रधानाचार्य दशरथ सैनी, उपाध्यक्ष रोशनलाल सैनी, सचिव पंकज सैनी, सलाहकार समिति चेयरमैन प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह सैनी, छात्रावास कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, महामंत्री पदमचंद सैनी, भारत भूषण सैनी, युवा शहर अध्यक्ष हेमंत सैनी, कार्यालय मंत्री लक्ष्मीनारायण सैनी, मन्याराम सैनी, उपाध्यक्ष रूपकिशोर सैनी, बिशनदयाल सैनी, बाबूलाल सैनी, प्रकाशचंद सैनी, रामगोपाल सैनी, जितेन्द्र सैनी, रोशनलाल, गिर्राज प्रसाद सैनी, दूलीचंद सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्तर पश्चिम रेलवे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 8622 करोड़ रूपये कुल आय अर्जित की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करवा कर सुरक्षित, संरक्षित तथा समयबद्ध यात्रा करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल प्रारम्भिक आय 8622 करोड़ रूपये अर्जित की है, जिसमें यात्री आय से 3727 करोड़ रूपये तथा माल यातायात से 3865 करोड़ रूपये प्राप्त किए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने संरक्षा, समयपालन, यात्री सुविधाओं में बढोतरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने तथा निर्माण व विद्युतीकरण कार्यों को लक्ष्यानुसार पूरा करने पर विशेष बल दिया है। इन कार्यों के बेहतर निष्पादन से उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2025-26 में 8622 करोड़ रूपये की कुल प्रारम्भिक आय अर्जित की है। यह उत्तर पश्चिम रेलवे का अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह कुल आय गत वर्ष 2024-25 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने प्रारम्भिक यात्री आय से 3727 करोड़ रूपये अर्जित किए है, जो कि गत वर्ष से 9.8 प्रतिशत अधिक है। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा मार्च में 353 करोड़ रूपये की यात्री आय अर्जित की गई जो कि किसी भी एक माह में सर्वाधिक है। इसके साथ ही माल परिवहन से 3865 करोड़ रूपये प्राप्त किए है जो गत वर्ष से 7.2 प्रतिशत अधिक है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर आय को बढ़ाने के लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है जिसके तहत रेलवे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्री तथा माल परिवहन संचालन में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर अलग पहचान बनाई है तथा अधिक राजस्व को प्राप्त कर रेल यात्रियों को सुगम परिवहन की अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर कर रहा है।

## स्कूलों के नए शैक्षणिक सत्र में इस बार 244 दिन स्कूल खुलेंगे, 25 मार्च तक सभी परीक्षाओं के रिजल्ट होंगे घोषित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बुधवार से प्रदेश की स्कूलों में शुरू हुए नए शैक्षणिक सत्र में इस बार स्कूल की छुट्टियां की संख्या कम की गई है। साल भर में 244 दिन स्कूल खुलेंगे और 121 दिन स्कूल बंद रहेंगे इस बार दिवाली पर्व की छुट्टियां भी एक साथ 11 दिन की घोषित की गई है। गर्मियों की छुट्टियां भी 10 दिन कम की गई है। इसलिए स्कूल इस बार 22 जून को स्कूल फिर से खुलेंगे । जानकारी के अनुसार नए शैक्षणिक सत्र में इस बार सर्दी की छुट्टियां 1 से 10 जनवरी तक सुनिश्चित की गई है तथा मार्च महीने में परीक्षाओं का आयोजन करके 25 मार्च तक सभी परीक्षाओं के रिजल्ट भी घोषित करने की डेट लाइन निर्धारित की गई है। इस तरह से इस बार नए शैक्षणिक सत्र में व्यवस्थित तरीके से बच्चों को शिक्षा मिले और डिजिटल तरीके से शिक्षा उपलब्ध कराने के तरीकों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित रखा गया है। हालांकि गर्मी की छुट्टियां कम कर देने की वजह से शिक्षक संगठनों ने नाराजगी जरूर जाहिर की है लेकिन प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर प्रदेश में शिक्षा के ढांचे को मजबूत करने में पूरा जतन कर रहे हैं । जानकार लोगों का कहना है कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश में स्कूलों में पाठ्यक्रम, शिक्षकों के नैतिक आचरण, ड्रेस, पोषाहार, स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थित, स्कूलों में शिक्षकों के भी ड्रेस कोड निर्धारित करने इत्यादि विषयों को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की पहल पर कड़ी नियम निर्धारित किए गए हैं । स्कूलों में शिक्षकों के क्लास रूम में मोबाइल से बातचीत किए जाने पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया है तथा स्कूलों में शिक्षकों के समय पर आने और समय पर जाने के विषय पर भी दिलावर ने कठोर नियम बनाए हैं ।

## बोलेरो ने स्कूटी सवार अध्यापिका को उड़ाया, मौके पर ही हो गई मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के झुंझुनू जिले में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के पहले ही दिन एक भीषण सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला शिक्षक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक अध्यापिका दमयंती है जिसकी बेटी का रिजल्ट मंगलवार को ही आया था अध्यापिका की मौत के बाद घर में मातम छा गया है जानकारी के अनुसार बुधवार को स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन अध्यापिका दमयंती स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी तभी पिलानी रोड पर तेज गति से आ रही बोलेरो गाड़ी ने स्कूटी के टक्कर मार दी जिसकी वजह से दमयंती मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गई और कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और इस दुर्घटना का पूरा दृश्य मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है इसलिए सीसीटीवी कैमरे के आधार पर बोलेरो की पहचान कर ली गई है। इस दुर्घटना का पूरा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और दुर्घटना से जुड़ा वीडियो न्यूज़ चैनल और सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है जिसमें तेज गति से आ रही बोलेरो स्कूटी के टक्कर मारते हुए साफ दिख रही है वीडियो में साफ दिख रहा है की बोलेरो चालक गाड़ी को बहुत तेज गति से चला रहा था और लापरवाही से गाड़ी चलाते समय यह हादसा हुआ है इसलिए पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है घटना स्थल से आवश्यक और सबूत भी एकत्रित किए गए हैं।

## पटवारी का बास में 2.25 करोड़ की लागत से बनने वाले विद्यालय भवन का शिलान्यास

जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** खंडेला विधायक सुभाष मील के मुख्य आतिथ्य में पटवारी का बास में 2.25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नवीन विद्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। साथ ही शिव मंदिर पटवारी का बास से लाम्बा वाली जोहड़ी तक सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने डीजे के साथ विधायक का जोरदार स्वागत करते हुए आभार जताया।



इस अवसर पर विधायक सुभाष मील ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता के आशीर्वाद उनके साथ है। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा और चिकित्सा सहित सभी क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और जनसमस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, जबकि सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। केंद्र और प्रदेश सरकार आमजन के हित में काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नए विद्यालय भवन से बच्चों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं मिलेंगी और उनकी ओर से किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। विधायक मील ने कहा कि विधानसभा में उन्होंने युवाओं और किसानों की आवाज को मजबूती से उठाया है। भजनलाल सरकार की ओर से एसआईटी का गठन कर गलत तरीके से नौकरी पाने वालों पर कार्रवाई की गई है और युवाओं के साथ न्याय सुनिश्चित किया गया है। साथ ही बड़ी संख्या में सरकारी नौकरियों के कैलेंडर जारी किए गए हैं। इस दौरान सीबीईओ कमलेश सैनी, प्रधानाचार्य डॉ. हर्षवर्धन, झाबर मल बाजिया, मालाकाली प्रशासक धर्मसिंह बिजारणियां, लक्ष्मण कुमार, अर्जुनलाल, मोहन गढ़वाल, मुकेश कुमार, भागीरथ मल, विजयपाल बुरड़क, बाबूलाल जाटावत, कालूराम, रघुनाथ, नानूराम सहित विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# डोटासरा और जूली की उपस्थिति में आज ब्यावर में कांग्रेस का बड़ा सम्मेलन, सम्मेलन को लेकर कांग्रेस जनों में जोरदार उत्साह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** ब्यावर कांग्रेस की ओर से आज अजमेर रोड पर स्थित मोती महल गार्डन में कांग्रेस जनों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है इस सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन संगठन बढ़ाओ और लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है इसलिए इस सम्मेलन को लेकर स्थानीय कांग्रेस चरणों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पार्टी जनों को संगठन को मजबूती प्रदान करने संबंधी विषयों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे और उपस्थित कांग्रेस जनों को यह बताएंगे कि किस तरह से पार्टी के संगठन को मजबूत करना है और किस तरह से जनता के बीच



में जाकर कांग्रेस के रीति नियम सिद्धांतों हो तो बताना ही है। इसके अलावा प्रदेश में भाजपा सरकार की विफलताओं के बारे में जन-जन तक जानकारी उपलब्ध करवाने के बारे में डोटासरा उपस्थित कांग्रेस जनों को आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स देंगे



गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी की ओर से संगठन बढ़ाओ और लोकतंत्र बचाओ अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत एक तरफ जहां पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में पार्टी की ओर से जतन किए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश की जनता को यह भी जानकारी प्रदान करना है कि जब से केंद्र में मोदी सरकार का आगाज हुआ है तब से ही देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में पड़ा हुआ है और केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं और केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है इस विशेष अभियान को कांग्रेस पार्टी संयोजित तरीके से पूरे प्रदेश भर में संपादित कर रही है इसके लिए पार्टी के जिला अध्यक्षों को पूरी ताकत से इन सम्मेलनों को शानदार तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं । इसी क्रम में आज ब्यावर में कांग्रेस पार्टी का यह बड़ा सम्मेलन हो रहा है गौरतलब है कि प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव की तारीख अभी डिक्लेअर नहीं हुई है लेकिन कांग्रेस पार्टी इन चुनाव को लेकर काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर दिख रही है इसीलिए पार्टी के संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए पार्टी के जिला अध्यक्षों को टारगेट दिए गए हैं तथा पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों को यह भी कहा गया है कि अब पूरी मेहनत के साथ पार्टी के संगठन को मजबूती देनी है डोटासरा ने दो दिन पहले पार्टी के संगठन को मजबूती देनी है डोटासरा ने कुछ दिन पहले ही जयपुर में पार्टी के बड़े कार्यक्रम में साफ कह दिया था कि सोशल मीडिया पर धरने प्रदर्शन के फोटो डालने से कुछ भी हासिल नहीं होगा भविष्य में पार्टी का अगर कोई भी कार्यक्रम होता है तो उसमें कम से कम 500 लोगों की भीड़ तो होनी ही चाहिए। डोटासरा इस बात से काफी नाराज थे कि कई जगह पर कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन में बहुत कम लोग रहते हैं जो किसी भी लिहाज से ठीक नहीं कहा जा सकता इसलिए उन्होंने पार्टी के जिला अध्यक्षों से साफ कहा था कि भविष्य में पार्टी की ओर से कोई भी कार्यक्रम और प्रदर्शन किया जाए उसमें कम से कम 500 लोगों की उपस्थिति तो होनी ही चाहिए इसके अलावा इन प्रदर्शनों में आम जनता भी सहयोग लिया जाना चाहिए ।

## प्रदेश में ओबीसी आयोग का कार्यकाल 30 सितंबर तक बढ़ाया गया, अब सितंबर तक चुनाव संभव नहीं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में ओबीसी आयोग का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है यह कार्यकाल आगामी 30 सितंबर तक बढ़ाया गया है इसलिए अब यह साफ हो गया है कि प्रदेश में 30 सितंबर से पहले पंचायत राज नगर निकाय के चुनाव आयोजित नहीं होंगे। जब तक ओबीसी आयोग अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग को प्रस्तुत नहीं करेगा तब तक प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव किसी भी सूरत में नहीं हो सकते। क्योंकि चुनाव आयोग ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही चुनाव में उम्मीदवारों के लिए आरक्षण निर्धारित करेगा इसलिए बिना ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के चुनाव होना असंभव है अब जिस तरह से आयोग का कार्यकाल सरकार ने 30 सितंबर तक बढ़ाया है उसके बाद जाहिर सी बात है अभी फिलहाल प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव आयोजित नहीं होने वाले हैं । अभी कुछ दिन पहले चुनाव आयोग के पास ओबीसी से संबंधित जो आंकड़े आए थे उन आंकड़ों को लेकर चुनाव आयोग ने गंभीर सवाल खड़े किए थे और आंकड़ों में कई तरह की कमियां बात कर साफ कह दिया था कि यह आंकड़े आधे अधूरे हैं और इन आंकड़ों से चुनाव में उम्मीदवारों के लिए आरक्षण निर्धारित करना असंभव है। इसलिए आयोग ने दोबारा से ओबीसी संबंधी आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे अब जिस तरह से आयोग का समय आगामी 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है उसके बाद यह तय है कि आयोग अब अपनी रिपोर्ट को तैयार करने में खुद को काफी सहज महसूस करेगा आयोग के पास अब काफी समय बचा है इसलिए जो भी त्रुटियां और कमियां ओबीसी आंकड़ों से संबंधित है उन सबको दूर करके आयोग अब एक सार्थक रिपोर्ट चुनाव आयोग को प्रस्तुत करेगा फिलहाल पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव राजस्थान में होते हुए नहीं दिख रहे। हालांकि कांग्रेस पार्टी के नेता पिछले कई महीनो से लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि प्रदेश में भजनलाल सरकार के प्रति लोगों का विश्वास काफी कमजोर हुआ है और सरकार को पंचायत राज चुनाव में पराजय का डर सता रहा है। इसलिए सरकार जानबूझकर चुनाव नहीं करवा रही लेकिन हकीकत यह भी है कि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट से जब तक चुनाव आयोग पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होगा और जब तक ओबीसी आयोग ओबीसी संबंधी आंकड़ों की पूरी रिपोर्ट चुनाव आयोग को नहीं देगा तब तक प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव किसी भी सूरत में नहीं हो सकते राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली का कहना है कि सरकार प्रदेश में जानबूझकर पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं करवा रही और चुनाव नहीं करवाने की वजह से ही राजस्थान में पंचायत के करीब 1900 करोड रुपए केंद्र सरकार ने रोक लिए जिसकी वजह से प्रदेश में पंचायत के विकास कार्य अटक गए हैं । पंचायत का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है इसके लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार पूरी तरह से दोषी है इसी तरह का आरोप राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी पिछले कुछ महीनो से लगातार प्रदेश सरकार पर लगा रहे हैं और कह रहे हैं कि अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के बाद प्रदेश सरकार को पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव में भी अपनी संभावित पराजय देख रही है इसीलिए सरकार फिलहाल चुनाव नहीं करवा रही ओबीसी आयोग की रिपोर्ट तो बहाना है दूसरी तरफ जयपुर की हवा महल विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने साफ कहा है कि सरकार का चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है सरकार चुनाव करवाने को लेकर बिल्कुल तैयार है सारा काम ओबीसी आयोग की रिपोर्ट पर अटका हुआ है जिस दिन ओबीसी आयोग अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग को दे देगा चुनाव आयोग अपने आप चुनाव करवा देगा इसमें प्रदेश सरकार का कोई दखलंदाजी नहीं है ।

## स्वच्छ भारत की राह में भाजपा सरकार ही बनी सबसे बड़ा रोड़ाः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार के लोकतंत्र और संविधान विरोधी रुख के कारण प्रदेश में पंचायती राज चुनाव समय पर नहीं हो पाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हार के डर से जनता का सामना करने से भाग रही है, जिसका खामियाजा आज ग्रामीण क्षेत्रों के आमजन को भुगतना पड़ रहा है। चुनाव न होने और पंचायतों को फंड न मिलने से गांवों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और गांव गंदगी के ढेर में तब्दील हो गए हैं। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, आज प्रदेश के गाँव गंदगी, सीवर के पानी और बदहाल सड़कों से जूझ रहे हैं, क्योंकि आपकी सरकार पंचायत राज चुनावों में हार के डर से जनता का सामना करने से भाग रही है। गाँव-गाँव में आपकी सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार की कहानियाँ खुलेआम सुनने को मिल रही हैं। हालात ऐसे हैं कि जनता के बीच जाने की हिम्मत तक अब आपकी सरकार में नहीं बची है। भाजपा सरकार को ग्रामीण विकास से कोई लेना-देना नहीं है, उसे सिर्फ अपनी सत्ता की कुर्सी बचाने की चिंता सता रही है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' पर तंज कसते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बड़े तामझाम से स्वच्छता का नारा दिया था, लेकिन राजस्थान के गांवों में इसकी हकीकत भयावह है। भाजपा के मंत्री आए दिन हाथ में झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाने और राजनीतिक प्रचार में व्यस्त रहते हैं, जबकि गांवों में नालियां जाम हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह सफर कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता का पैसा पानी की तरह बहाकर और गाँवों को गंदगी में धँसाकर इस सरकार ने साफ कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और झूठा राजनीतिक प्रचार है। जूली ने चेतावनी दी कि सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना बंद करे और तुरंत पंचायती राज चुनाव कराए। सरकार अभी भी बहानेबाजी और प्रक्रिया के जाल में उलझी हुई है ताकि जनता के आक्रोश से बच सके। उन्होंने कहा कि फंड के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे आम नागरिक का जीवन दूभर हो गया है। कांग्रेस पार्टी जनता की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेगी और भाजपा के इस जनविरोधी चेहरे को बेनकाब करेगी।

## दिलावर ने कांग्रेस पार्टी पर बोला हमला और कहा- जिस पार्टी ने 17 साल तक चुनाव नहीं करवाएं वह पार्टी हमें लोकतंत्र का पाठ ना पढ़ाए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को पंचायत राज चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पर जोरदार जवाबी हमला बोला और कहा कि जिस पार्टी ने 17 साल तक चुनाव नहीं करवाए वह पार्टी हमें लोकतंत्र का पाठ ना पढ़ाए। दिलावर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार प्रदेश में चुनाव होंगे चुनाव करवाने की चुनाव आयोग की है और चुनाव आयोग बिना ओबीसी आयोग की रिपोर्ट के चुनाव करवाने में असक्षम है। इसमें सरकार की कमी कहां दिख रही है लेकिन पता नहीं क्यों कांग्रेस पार्टी के नेता बिना सोचे बयान दे रहे हैं उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान को अगर किसी ने सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है तो वह कांग्रेस पार्टी ही है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा संविधान लोकतंत्र और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मदन दिलावर ने कहा कि लोकतंत्र को लेकर कांग्रेस की क्या मानसिकता रही है यह पूरा देश और दुनिया जानती है जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लागू करके बड़े-बड़े नेताओं को और बड़े-बड़े लोगों को जेल में डाल दिया था। इसलिए लोकतंत्र संविधान को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता भाजपा पर आरोप लगाने से पहले लोकतंत्र के बारे में अपना काला इतिहास भी जरूर देख लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव के लिए भजनलाल सरकार की तैयारी पहले भी पूरी थी आज भी पूरी है इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है लेकिन यह प्रदेश के लोग भी अच्छी तरह से जानते हैं कि जब तक ओबीसी आयोग की रिपोर्ट चुनाव आयोग को ठीक तरह से मिल नहीं जाती है तब तक चुनाव आयोग चुनाव नहीं



करवा सकता। दिलावर ने कहा कि चुनाव होंगे तो पूरी तरह से सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार ही होंगे बिना सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के किसी भी सूरत में चुनाव नहीं हो सकते। सुप्रीम कोर्ट से बड़ा कोई भी नहीं है इसलिए ओबीसी आयोग की रिपोर्ट से संतुष्ट होने के बाद अपने आप ही चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार चुनाव करवा देगा लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मानसिकता इतनी कमजोर हो गई है कि वह ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का मतलब ही नहीं समझ पा रहे। गौरतलब है कि प्रदेश में ओबीसी आयोग का कार्यकाल सरकार ने अब 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं का सब्र का बांध टूट चुका है कांग्रेस पार्टी के नेताओं को अभी लग रहा है कि 30 सितंबर से पहले प्रदेश में पंचायत राज के चुनाव नहीं होंगे इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेता अब प्रदेश की भजनलाल सरकार पर जबरदस्त तरीके से जुबानी हमले बोल रहे हैं और कह रहे हैं कि प्रदेश के भजन लाल सरकार प्रदेश की जनता का विश्वास खो चुकी है इसलिए पंचायत राज चुनाव में संभावित हार को देखकर ही प्रदेश सरकार चुनाव को लगातार टाल रही है ।

## रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाने को लेकर शिव उपखंड कार्यालय पर सैकड़ो लोगों का प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ रावण राजपूत समाज के लोगों में जोरदार आक्रोश छाया हुआ है पिछले कुछ दिनों से रावण राजपूत समाज के लोक गायक छोटू सिंह को धमकी देने के मामले को लेकर रावण राजपूत समाज के लोगों में जोरदार गुस्सा आया हुआ है और रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने की पूरी जोर मांग कर रहे हैं इसी मांग को लेकर रावण राजपूत समाज के लोगों ने पिछले कुछ दिनों से लगातार इलाके में जोरदार प्रदर्शन में किया है। बुधवार को भी समाज के लोगों ने उपखंड कार्यालय के सामने धरना दिया और रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया तथा पार्टी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करने की डिमांड की लोक गायक छोटू सिंह का कहना है कि पिछले कई दिनों से रविंद्र सिंह भाटी उन्हें धमकी दे रहे हैं और रावण राजपूत समाज के खिलाफ गलत टिप्पणियां कर रहे हैं इसलिए अब रावण राजपूत समाज के लोगों ने भाटी के खिलाफ आर पार लड़ाई का ऐलान कर दिया है उन्होंने कहा कि रविंद्र सिंह भाटी को विधायक पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए और सभी समाज के लोगों को सामान



निगाह से उन्हें देखना चाहिए लेकिन उन्होंने जिस तरह की टिप्पणियां रावण राजपूत समाज को लेकर की है उन टिप्पणियों से समाज के लोगों में गहरी नाराजगी छाई हुई है इसलिए अब समाज के लोग इस मामले में बैक फुट पर आने वाले नहीं है उल्लेखनीय है कि भाटी ने बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था जिसमें भाटी दूसरे नंबर पर रहे थे और करीब 5 लाख से ज्यादा वोट भाटी ने हासिल किए थे इसलिए पश्चिमी राजस्थान में रविंद्र सिंह भाटी की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन रावण राजपूत समाज के लोग गायक छोटू सिंह और रविंद्र सिंह भाटी के बीच जो विवाद चल रहा है उस विवाद में कहीं ना कहीं रविंद्र सिंह भाटी की लोकप्रियता पर विपरीत असर जरूर पड़ रहा है ।

## बीजेपी कार्यालय के बाहर धमाका : पुलिस के सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पंजाब के चंडीगढ़ में सेक्टर 37 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर बुधवार की शाम करीब 5:00 बजे जोरदार धमाका हुआ धमाके की आवाज सुनने के बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के नेता दौड़कर बाहर आए तो वहां पार्किंग में धुआं उठता देखकर उनके चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई। भाजपा नेताओं ने तुरंत पुलिस को सूचित किया इसके बाद चंडीगढ़ शहर के सभी बड़े पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे हैं मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और बमनिरोधक दस्ते भी बुलाए गए हैं तथा इस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है हालांकि धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी जिसकी वजह से इलाके के लोग भी काफी सकते में आ गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह धमाका भारतीय जनता पार्टी कार्यालय की पार्टी में खड़ी स्कूटी में होना सामने आया है फिलहाल खबर लेकर जाने तक इस पूरे मामले में पुलिस ने स्थिति स्पष्ट नहीं की थी हालांकि धमाके के बाद वहां खड़ी एक कार के शीशे से भी टूटे हैं तथा वहां दीवार पर कुछ छद होने की जानकारी भी मिली है फिलहाल एफएसएल की टीम मौके पर जांच पड़ताल कर रही है हालांकि इस धमाके में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है लेकिन बताया गया है कि चंडीगढ़ में इस समय सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरे शहर में जगह-जगह चेक पोस्ट स्थापित की जा रही है और पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का काम चल रहा है लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के इन तमाम प्रबंधों के बीच जिस तरह से भाजपा कार्यालय के सामने ही



जोरदार धमाका हुआ उससे कहीं ना कहीं चंडीगढ़ पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लग रहा है। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के बाहर धमाके की खबर सुनकर कहीं ना कहीं देश की आंतरिक व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े होना लाजमी है। एक बड़े राजनीतिक दल के दफ्तर के सामने दिनदहाड़े इस तरह से धमाका होना कहीं ना कहीं पुलिस की चौकस पर सवालिया निशान जरूर लगता है एक तरफ देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मध्य नजर एक अलग माहौल बना हुआ है दूसरी तरफ चंडीगढ़ जैसे शहर में एक राजनीतिक दल के दफ्तर के बाहर इस तरह से धमाका होना चिंता का विषय जरूर बन जाता है । चंडीगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने भी इस धमाके को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि पुलिस को इस मामले में गंभीरता से जांच करनी चाहिए फिलहाल चंडीगढ़ पुलिस ने खबर लिखे जाने तक इस पूरे मामले में किसी भी तरह की कोई टिप्पणी नहीं की थी लेकिन जिस तरह से चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खुद मौके पर पहुंचे हैं और घटना स्थल से आवश्यक तथ्य जताने के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खुद मौके पर नजर आए हैं उससे कहीं ना कहीं ऐसा दिख रहा है कि यह धमाका बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है ।

## टायनी पर्ल्स स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर के रेलवे स्टेशन स्थित टायनी पर्ल्स स्कूल का पेरेंट्स टीचर मीटिंग के साथ वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इसमें बच्चों और अभिभावकों को बुलाकर स्टूडेंट का परीक्षा परिणाम जारी कर अंक तालिकाएं वितरित की गई। स्कूल निदेशक नागेश कुमार शर्मा और प्रिंसिपल भारती रावत ने बताया कि स्कूल का परिणाम





100प्रतिशत रहा। अंक तालिकाएं वितरण के दौरान जिन बच्चों ने अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया उनको माला और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। स्कूल में पधारे अभिभावकों ने टायनी पर्ल्स स्कूल के मैनेजमेंट और स्टाफ मेंबर की प्रशंसा की। स्कूल मैनेजमेंट ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# आखिर क्यों नहीं रुक रहीं भगदड़ में होती मौतें



केंद्र और राज्य सरकारों के दावों के बावजूद देश में भगदड़ की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिहार में नालंदा जिले के मघड़ा गांव में मंगलवार को प्राचीन शीतला माता मंदिर में ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना में कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। यह हादसा बताता है कि इस तरह की पहले की घटनाओं से कहीं कोई सबक नहीं लिया गया। प्रारंभिक जांच में इस भगदड़ का कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना बताया जा रहा है, हालांकि इसकी असली वजह गहन जांच-पड़ताल के बाद ही सामने आ पाएगी। सवाल है कि धार्मिक स्थलों और बड़े आयोजनों में लोगों की भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने के लिए शासन एवं प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त क्यों नहीं किए जाते? सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भगदड़ की घटनाएं लगभग वैसे ही कारणों से होती हैं, जैसे पहले हो चुकी होती हैं। हर बार जांच, कठोर कार्रवाई करने, सबक सीखने की बातें की जाती हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहता है। गौरतलब है कि पिछले कुछ माह में भगदड़ की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। कुंभ में भगदड़ मचने से अनेक लोग मारे गए थे। इसके बाद बंगलुरु में आरसीबी की जीत के जश्न में आयोजित समारोह में भगदड़ से कई लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा पुरी में भगदड़ ने कई लोगों की जान ले ली थी। इससे पहले हाथरस के एक आश्रम में भगदड़ की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की घटना को भी नहीं भूला जा सकता। आखिर ऐसी कितनी घटनाओं के बाद शासन और प्रशासन चेतेगा। कहा जा रहा है कि नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ जमा हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। सवाल है कि स्थानीय प्रशासन धार्मिक स्थलों पर लोगों की संभावित भीड़ का अनुमान लगाने में इतना अक्षम क्यों है? क्या इसका कारण उसकी संवेदनहीनता है या फिर संबंधित अधिकारी इस बात से निश्चिंत होते हैं कि कोई भी घटना हो जाए, उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला। अक्सर यह देखा गया है कि इस तरह के मामलों में निचले स्तर के कर्मियों पर तो तात्कालिक कार्रवाई की जाती है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। धार्मिक स्थलों और बड़े आयोजनों में भगदड़ के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें लोगों की ज्यादा भीड़ जमा होना, बाहर निकलने की सही व्यवस्था न होना, भीड़ को संभालने एवं नियंत्रित करने की व्यवस्था का अभाव और आयोजन स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की कमी शामिल है। कई बार ऐसे स्थलों पर अफवाह की वजह से भी इस तरह के हादसे होते हैं। ऐसा नहीं है कि स्थानीय प्रशासन इन कारणों से अनभिज्ञ होता है, इसके बावजूद अगर भगदड़ में निर्दोष लोगों की जान चली जाए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या ऐसी किसी घटना के बाद संबंधित कर्मचारियों को निलंबित कर देने की कार्रवाई काफी है, क्या इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जानी चाहिए! ऐसा लगता है कि पहले की घटनाओं से न तो शासन-प्रशासन कोई सबक सीख रहा है और न ही आम लोग संयम एवं अनुशासन का परिचय देने की जरूरत महसूस करते हैं। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि नालंदा की इस घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच की जाएगी और दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।



## कहानी

# साने गुरुजी

कोकण के पालगड में साने गुरुजी के पिता सदाशिवराव रहते थे । वे भू-स्वामी (जमीनदार) थे । भू-स्वामी का घराना साधारणतः धनी समझा जाता है और उनके दादा के समय उनके घर की स्थिति इसी प्रकार की थी । किंतु, पिता श्री सदाशिवराव के समय परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी अधिक बिगड गई कि अंग्रेज सरकार ने उनका पूरा घर उनसे छीनकर, घर से निकाल दिया । इस बडे किंतु निर्धन परिवार में 24 दिसंबर, 1899 को साने गुरुजी का जन्म हुआ । गुरुजी की माता का नाम यशोदा था । बचपन से ही गुरुजी का अपनी मां से बहुत लगाव था । उन्होंने, 'श्यामची आई ' नामक मराठी पुस्तक में अपनी मां की संपूर्ण स्मृतियां लिखी हैं । उनकी मां ने उनके बालक मनपर जो विविध संस्कार किए थे, उसीके बलपर गुरुजी का जीवन विकसित हुआ । सभी से प्रेम करने का संस्कार साने गुरुजी को अपनी मां से ही मिला था । साने गुरुजी का मन अत्यंत भावुक एवं संस्कारक्षम था । इसीलिए, उनमें मांद्वारा बोए गए सुविचारों के बीज शीघ्रता से विकसित हुए । साने गुरुजी के रचे हुए वाङ्मयों की संख्या विपुल है । उपन्यास, लेख, निबंध, काव्य, जीवनी, नाट्यसंवाद आदि साहित्य के विविध क्षेत्रों में बिना थके उनका लेखन कार्य जारी था । उनके लेखन शैली से उनकी लगन, स्नेह, प्रेम आदि भावनाओं की होती है । उनकी भाषा में एक विशिष्ट प्रकार की धार है तथा उनका साहित्य बोधगम्य है । लोगों को उनका सरल भाषा में लेखन अच्छा लगा । उन्होंने अपना संपूर्ण साहित्य समाज के उद्धार के लिए ही लिखा है । उनके मन में राजनीतिक, सामाजिक एवं शिक्षाक्षेत्र से संबंधित जो विचार आते थे, जो भावनाओं का संघर्ष चलता था, वह सब उन्होंने अपनी लेखनीद्वारा व्यक्त किया है । कला केवल अपनी उन्नति के लिए होनी चाहिए, ऐसे विचारों से उन्होंने अपने लेख कभी नहीं लिखे । अपने लेखों में समाज से संबंधि विचार और अनुभव व्यक्त किए हैं । अनेक सामान्य घरेलू प्रसंगोंपर उन्होंने ऐसे लेख लिखे हैं, जो हृदय को छू जाते हैं ! गुरुजी का वाङ्मय वृद्धों से छोटे बालकोंतक सभी के लिए था । उन्होंने युवकों के लिए पथप्रदर्शक उपन्यास, जीवनी अदि लिखीं, वयस्कों के लिए उपन्यास एवं निबंध लिखे । इस विपुल साहित्य में दो तेजस्वी ग्रंथ हैं, 'श्यामची आई' और 'श्याम' ! गुरुजी ने एक और महान कार्य किया है, 'आंतरभारती'की स्थापना ! प्रांत-प्रांत के मध्य चल रही ईर्ष्या अभी तक समाप्त नहीं हुई है । ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जातीयता भारत की अखंडता के लिए घातक सिद्ध होगी । इस कटुता को समाप्त करने के लिए एक प्रांत का दूसरे प्रांत के प्रति द्वेषभाव नष्ट हो, सब में बंधुप्रेम उत्पन्न हो, इसके लिए उन्होंने आंतर भारती का प्रयोग आरंभ करने का प्रयत्न किया था । इसका उद्देश्य था, विभिन्न प्रांत के लोग एक-दूसरे की भाषा सीखें, उनकी प्रथा परंपरा समझें । इसके लिए पैसा इकठ्ठा कर विभिन्न प्रांतीय भाषाएं सीखने के लिए उद्यत विद्यार्थीयों के लिए प्रसिद्ध कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर के शांतिनिकेतन समान कुछ व्यवस्था हो, ऐसी अपनी इच्छा उन्होंने महाराष्ट्र साहित्य सम्मेलन के भाषण में व्यक्त की थी । इसके लिए उन्होंने कुछ पैसा भी इकठ्ठा किया था ।

# संतुलित विदेश नीति का सुफल

*इतिहास पर दृष्टि डालें तो भारत ने ईरान के साथ 2003 से ही रणनीतिक साझेदारी निभाई है। इसके अंतर्गत तेल खरीदारी के साथ ही चाबहार बंदरगाह के निर्माण में योगदान दिया। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिमी आर्थिक प्रतिबंधों के कारण भारत और ईरान के बीच कारोबार कुछ सिकुड़ा है, लेकिन भारत प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के लिए प्रयासरत रहा है। ऐसे में विपक्षी दलों के वे आरोप आधारहीन ही हैं कि मोदी सरकार ने अमेरिका-इजरायल के दबाव में ईरान को ताक पर रख दिया है। यह भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि एक ओर ईरान स्वयं भारत को अपना मित्र मान रहा है तो दूसरी ओर युद्ध में ईरानी हमलों से त्रस्त खाड़ी के देशों ने भी भारत को खास दोस्त करार दिया है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन आदि में एक करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। युद्ध में निरंतर बमबारी के बीच इतने विशाल भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा की गारंटी और उनमें से लाखों की घर वापसी तभी संभव हो पाई है, क्योंकि भारत ने खाड़ी देशों की सरकारों के साथ परस्पर विश्वास आधारित संबंध विकसित किए हैं। युद्ध की शुरुआत से अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लगातार खाड़ी के शीर्ष नेताओं से संवाद बनाए रखा है। खाड़ी देशों ने केवल प्रवासियों के मुद्दे को लेकर ही भारत का साथ नहीं दिया है, अपितु आपात स्थितियों में काम आने वाले भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को भरने में अमीरात और सऊदी की अहम भूमिका भी रही है।*



संकट में ही वास्तविक चरित्र का परिचय मिलता है। इस संदर्भ में पश्चिम एशिया में जारी युद्ध एक ताजा पड़ाव बनकर उभरा है। अमेरिका और इजरायल बनाम ईरान युद्ध ने विश्व की सुरक्षा, आर्थिकी और स्थिरता को खतरे में डाल दिया है। हर देश को इससे उपजी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, पर भारत ने इस संकट में जैसी कूटनीति का प्रदर्शन किया, वह परिपक्व एवं फलदायी साबित हुई है। इसके परिणाम हमारे सामने हैं। देखा जाए तो पश्चिम एशिया में भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासियों का कल्याण और भूराजनीतिक तथा भूआर्थिकी से जुड़े मुद्दे अहम हैं। भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कुल तेल का लगभग 50 प्रतिशत और कुल गैस का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। जब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से तेल एवं गैस ले जाने वाले जहाजों पर हमले शुरू किए, तो नई दिल्ली ने तेहरान के साथ सीधे बातचीत का विकल्प चुना और अपने जहाजों की उस संकरे समुद्री मार्ग से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित कराई। भारतीय तेल और गैस वाहक जहाजों और नाविकों की सुरक्षा इसीलिए संभव हुई, क्योंकि तेहरान ने नई दिल्ली को अपना मित्र और शत्रु खेमे से दूर माना है। ईरान ने भारत को इस श्रेणी में शामिल किया, क्योंकि भारत ने उस पर हमला करने वाले अमेरिकी-इजरायली खेमे की कोई सामरिक सहायता नहीं की। व्यावहारिक कारणों के चलते भारत ने भले ही अमेरिका-इजरायल आक्रमण की प्रत्यक्ष निंदा नहीं की हो, किंतु युद्ध की शुरुआत से ही भारत बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान के समर्थन में खड़ा है। इतिहास पर दृष्टि डालें तो भारत ने ईरान के साथ 2003 से ही रणनीतिक साझेदारी निभाई है। इसके अंतर्गत तेल खरीदारी के साथ ही चाबहार बंदरगाह के निर्माण में योगदान दिया। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिमी आर्थिक प्रतिबंधों के कारण भारत और ईरान के बीच कारोबार कुछ सिकुड़ा है, लेकिन भारत प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के लिए प्रयासरत रहा है। ऐसे में विपक्षी दलों के वे आरोप आधारहीन ही हैं कि मोदी सरकार ने अमेरिका-इजरायल के दबाव में ईरान को ताक पर रख दिया है। यह भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि एक ओर ईरान स्वयं भारत को अपना मित्र मान रहा है तो दूसरी ओर युद्ध में ईरानी हमलों से त्रस्त खाड़ी के देशों ने भी भारत को खास दोस्त करार दिया है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन आदि में एक करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक रहते हैं। युद्ध में निरंतर बमबारी के बीच इतने विशाल भारतीय प्रवासी समुदाय की सुरक्षा की गारंटी और उनमें से लाखों की घर वापसी तभी संभव हो पाई है, क्योंकि भारत ने खाड़ी देशों की सरकारों के साथ परस्पर विश्वास आधारित संबंध विकसित किए हैं। युद्ध की शुरुआत से अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लगातार खाड़ी के शीर्ष नेताओं से संवाद बनाए रखा है। खाड़ी देशों ने केवल प्रवासियों के मुद्दे को लेकर ही भारत का साथ नहीं दिया है, अपितु आपात स्थितियों में काम आने वाले भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को भरने में अमीरात और सऊदी की अहम भूमिका भी रही है। ओशियानिया और एशिया से लेकर यूरोप तक जब युद्ध के चलते पेट्रोल और डीजल के दाम आसमानी ऊंचाइयों पर पहुंच गए, तब भारत में कोई वृद्धि नहीं दिखी है। केवल प्रीमियम उत्पादों में मामूली बढ़ोतरी हुई है। संकट में ऐसे चमत्कारिक परिणाम का पूरा श्रेय हमारी बहुआयामी और संतुलित विदेश नीति को जाता है। इस युद्ध में भारत ही संभवतः ऐसा अकेला देश है जो इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों का एकसमान विश्वासपात्र बनकर अपने राष्ट्रीय हितों को साध पा रहा है। जहां तक मध्यस्थता के मुद्दे की बात है तो पाकिस्तान की सक्रियता के चलते कुछ आलोचकों ने भारत की कूटनीति पर सवाल उठाए हैं, लेकिन यह कसौटी उचित नहीं है। एक तो ईरान ने पाकिस्तानी मध्यस्थता को किसी भी समर्थन से इन्कार कर दिया है और दूसरा इसे लेकर भारत और पाकिस्तान की तुलना अतार्किक है। अमेरिका ने पाकिस्तान को हमेशा एक मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया है। रिचर्ड निक्सन और रोनाल्ड रीगन से लेकर जार्ज डब्ल्यू बुश एवं बराक ओबामा तक कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने पाकिस्तान का इस्तेमाल करके चीन, अफगानिस्तान और ईरान में अमेरिकी हितों को ही आगे बढ़ाया है। जबकि इस्लामिक भाईचारे और सहानुभूति का मुखौटा पहनते हुए भी पाकिस्तान ने अमेरिकी आर्थिक और सैन्य सहयोग के लोभ में इस्लामी पड़ोसियों की पीठ में कई बार छुरा भोंका है। ट्रंप पाकिस्तान के इस दोहरे रवैये से बखूबी वाकिफ हैं जिसका उदाहरण उनका यह बयान भी रहा कि उन्हें इसी प्रकार के कमजोर सौदेबाज देश पसंद हैं। ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में यही कहा कि 'मुझे हमेशा हारे हुए लोग अच्छे लगते हैं, क्योंकि वे मेरी सफलता की कहानियां सुनते हैं और गुणगान करते हैं।' उनका इशारा पाकिस्तान की ओर ही था। इससे पहले पाकिस्तान ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करके, उन्हें भारत के साथ परमाणु युद्ध रोकने वाले मसीहा के रूप में सम्मानित करके और रियल एस्टेट, क्रिप्टोकरेंसी तथा खनिजों में संदिग्ध सौदों की पेशकश करके उनके अहं की भरसक तुष्टि का प्रयास किया है। पाकिस्तान के जैसे पैंतरे भारत सरीखे स्वाभिमानी और उभरती महाशक्ति को शोभा नहीं देते। जिन तौर-तरीकों से पाकिस्तान पश्चिम एशिया के युद्ध में समाधान प्रदाता के रूप में पेश आ रहा है, उनसे स्वायत्तता और संप्रभुता का नुकसान होता है। वैसे भी ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्ति का चापलूस बनकर पश्चिम एशिया में मध्यस्थता करना खतरों से खाली नहीं है

# ध्वस्त हुआ लाल गलियारे का सपना

*यह दुष्प्रचार इसलिए प्रभावी था, क्योंकि नेपाल के लोग भारत की तुलना में अपने देश को गरीब और पिछड़ा मानते थे। माओवादी चीन के विकास की प्रशंसा करते हुए नेपाल को चीन के करीब ले गए। इसी क्रम में नेपाल के माओवादी नेता सत्या और भारत के माओवादी नेता आजाद ने 8 अगस्त 2006 को एक बयान जारी किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि दोनों का आपसी गठबंधन है। यानी दोनों चीनी विस्तारवाद के एजेंट हैं। पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आइएसआइ और नेपाल तथा भारत के माओवादियों की बैठक संबंधी समाचार जनवरी 2000 में प्रकाशित हुआ था, जिसमें कहा गया था कि दोनों मिलकर एक 'रिवोल्यूशनरी जोन' बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। नेपाल में मिली सफलता के बाद, 27 जुलाई 2009 को भारत के माओवादियों ने यह घोषित किया कि वे भारत की सत्ता छीनने के लिए अपना ढांचा खड़ा कर रहे*

लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह की ओर से दिए गए इस कथन को चुनौती देना कठिन है कि मैं कह सकता हूं कि हम माओवाद से मुक्त हो चुके हैं। माओवाद के अंतिम सांसें गिनने की स्थिति में पहुंचने के साथ ही माओवादियों के लाल गलियारा बनाने का सपना चकनाचूर हो गया। माओवादियों द्वारा भारत में लाल गलियारे की संकल्पना असल में चीनी विस्तारवाद का ही एक हिस्सा था। यह गलियारा नेपाल से शुरू होकर भारत के बिहार, बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश होते हुए कर्नाटक तक फैला हुआ था। एक समय में माओवादियों ने देश के लगभग 100 जिलों में अपनी समानांतर सरकारें स्थापित कर ली थीं। उस दौर में 'मेरे नेता माओ' जैसे नारे दीवारों पर लिखे जाते थे। उस स्थिति के उलट 31 मार्च की समयसीमा के अनुसार भारत में माओवादियों में आत्मसमर्पण की होड़ दिखी। भारत से इतर नेपाल के परिदृश्य को देखा जाए तो 1994 में माओवादियों ने वहां सशस्त्र संघर्ष शुरू किया। सरकार को मजबूरन उनके साथ समझौता करना पड़ा। 25 मई 2006 को नेपाल सरकार और माओवादियों के बीच युद्धविराम हुआ। इस युद्धविराम को लेकर उनकी कुछ प्रमुख शर्तें थीं। इनमें नेपाल में राजशाही का अंत, संसदीय लोकतंत्र की स्थापना, नया संविधान, माओवादियों के हिंसक दस्ते पीएलए की सेना में भर्ती और हिंदू राष्ट्र रहे नेपाल को एक सेक्युलर देश बनाने जैसी शर्तें शामिल थीं।। चीन का समर्थन प्राप्त करने के लिए नेपाल के माओवादी भारत विरोध का एजेंडा चलाते थे। उनके साहित्य में भारत को एक अजगर सांप के रूप में दर्शाया गया था, जो सिक्किम और नेपाल को हड़पने की कोशिश कर रहा था।

यह दुष्प्रचार इसलिए प्रभावी था, क्योंकि नेपाल के लोग भारत की तुलना में अपने देश को गरीब और पिछड़ा मानते थे। माओवादी चीन के विकास की प्रशंसा करते हुए नेपाल को चीन के करीब ले गए। इसी क्रम में नेपाल के माओवादी नेता



सत्या और भारत के माओवादी नेता आजाद ने 8 अगस्त 2006 को एक बयान जारी किया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि दोनों का आपसी गठबंधन है। यानी दोनों चीनी विस्तारवाद के एजेंट हैं। पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आइएसआइ और नेपाल तथा भारत के माओवादियों की बैठक संबंधी समाचार जनवरी 2000 में प्रकाशित हुआ था, जिसमें कहा गया था कि दोनों मिलकर एक 'रिवोल्यूशनरी जोन' बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। नेपाल में मिली सफलता के बाद, 27 जुलाई 2009 को भारत के माओवादियों ने यह घोषित किया कि वे भारत की सत्ता छीनने के लिए अपना ढांचा खड़ा कर रहे हैं।

माओवादियों द्वारा देश के अलगाववादियों का समर्थन और हिंदू संगठनों का विरोध सार्वजनिक था, इसलिए नेपाल को हिंदू राष्ट्र के बजाय सेक्युलर देश बनाया गया। अपनी विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए उन्होंने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों, विशेषकर दिल्ली के जे.एन.यू. में अपनी नर्सरी खोली थी। भारत के माओवादी लेवी वसूली से प्राप्त संपत्ति के मालिक बन गए। नेपाल में एक ऐसा दौर भी आया जब माओवादी होना गर्व का विषय बन गया था। पुष्प कमल दहाल उर्फ प्रचंड, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली जैसे माओवादियों की सभाओं में जन सैलाब उमड़ता था। हालांकि, भारत के बाद नेपाल में इनकी सच्चाई सामने आने पर नेपाली जनता उनके प्रति आक्रोश से भर गई और इन्हें भागने पर मजबूर होना पड़ा। माओवादियों के प्रति घृणा का एक उबाल भी सभी ने देखा। कुछ ही समय पहले नेपाल के संसदीय चुनाव का परिणाम सामने आए। नेपाल में कुल सात प्रदेश, 77 जिले और 165 सीटों पर हुए चुनाव में माओवादी प्रचंड की नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी केवल 4 प्रदेश के 7 जिलों की 7 सीटों पर जीत पाई। केपी शर्मा ओली की एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी 5 प्रदेश के 9 जिलों की 9 सीटों पर ही चुनाव जीत सकी।

# लंबा खिंचता युद्ध

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध छिड़े एक माह बीत चुका है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से खुद को शांति का मसीहा बताए जाने के बाद भी पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाला यह खतरनाक सैन्य संघर्ष खत्म होने के बजाय और खिंचता ही दिख रहा है। इसका प्रमाण है अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु केंद्र को निशाना बनाना।

ईरान के इस्फहान स्थित परमाणु केंद्र पर अमेरिका ने एक ऐसे समय बंकर बस्टर बम गिराया, जब ट्रंप ईरानी नेताओं से शांति प्रस्ताव पर कथित तौर पर वार्ता भी कर रहे हैं। या तो वे झूठ बोल रहे हैं अथवा ईरान के साथ-साथ पश्चिम एशियाई देशों और विश्व



के साथ भी छल कर रहे हैं। पश्चिम एशिया संकट का समाधान करने के मामले में उनका इरादा कुछ भी हो, वे बिल्कुल भी विश्वसनीय नहीं रह गए हैं। इसी कारण अमेरिका में तो उनका विरोध बढ़ता ही जा रहा है, उनके मित्र देश और यहां तक कि नाटो राष्ट्र भी ईरान के खिलाफ युद्ध में उनका सहयोग करने को तैयार नहीं। अब यह भी स्पष्ट दिख रहा है कि ट्रंप ने बिना विचारे इजरायल संग ईरान पर हमला बोलकर अमेरिका और यूरोप समेत पूरे विश्व को संकट में डाल दिया। इसके भरे-पूरे आसार हैं कि अभी तक अपनी मनमानी करते चले आ रहे ट्रंप को इस बार अपने अहंकार की कीमत चुकानी पड़ेगी। पश्चिम एशिया संकट जिस तरह गहराता चला जा रहा है और ट्रंप इस संकट के समक्ष जिस प्रकार असहाय-निरुपाय दिख रहे हैं, उससे उनकी जगहंसाई तो हो ही रही है, अमेरिका की प्रतिष्ठा को चोट भी पहुंच रही है। यह सही समय है कि अमेरिका के नीति-नियंता और साथ ही वहां की जनता इस पर विचार करे कि उसने ट्रंप सरीखे अस्थिर प्रवृत्ति के व्यक्ति को राष्ट्रपति चुनकर क्या हासिल किया? इसमें संदेह नहीं कि अमेरिका के साथ इजरायल की रणनीति सवालों के घेरे में है, लेकिन इसके साथ ही ईरान के रवैये को भी सही नहीं कहा जा सकता। ईरान एक तरह से यही दिखा रहा है कि अमेरिका और इजरायल का सामना करने के क्रम में उसे अपनी बर्बादी की परवाह नहीं और उसकी प्राथमिकता ऊर्जा संकट को चरम पर ले जाना और अपने पड़ोसी देशों की नाक में दम करना है।

# किसानों ने गलत क्रॉपकटिंग व स्मार्ट मीटर का विरोध

जयपुर टाइम्स

**भानीपुरा(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भानीपुरा ने बुधवार को तहसीलदार भानीपुरा को ज्ञापन देकर किसानों की समस्यायों के समाधान की मांग की। जिला संयुक्त सचिव कॉमरेड रामकृष्ण छींपा ने बताया कि रबी फसल की क्रॉप कटिंग चल रही है। जिसमें बीमा कंपनी के कर्मचारियों ने गड़बड़ी की है। क्रॉप कटिंग प्रयोग के दौरान प्लाट में फसल सूखने के लिए रखते है। फसल सूखने के समय के दौरान बीमा कंपनी के कर्मचारियों की ओर से खेत में घुसकर उस प्रयोग में फसल के हिसाब से और अनाज मिलाकर बीमा क्लेम से वंचित करने का काम कर रहे है। विरोध करने पर पटवार मंडलों पर आपत्ति लगाकर किसानों को धमकाने का काम कर रहे हैं। जिसके खिलाफ किसान सभा ने लड़ाई शुरू की है। जिन पटवार मंडलों में ऐसी शिकायत है उनकी जांच कर प्रयोग के वजन को वास्तविक करने की मांग की गई है। आज से जितने भी फसल कटाई के प्रयोग होने है। उनको सुखाने के लिए पंचायत मुख्यालय में रखा जाए और सूखने के बाद किसानों के सामने अनाज निकालकर उस प्रयोग का वजन किया जाए। बीमा कंपनी गिरदावरी को आधार मानकर पॉलिसी रद्द कर रही है। लेकिन जहां क्लेम नहीं बन रहा है। उस फसल की पॉलिसियों को रद्द नहीं कर रहे है। यह सरासर किसानों के साथ बीमा कंपनी की जोर आजमाइश है। इनके खिलाफ लोग एकजुट होकर लड़ेंगे। कॉमरेड रामकृष्ण छींपा ने बताया कि अभी फसल कटाई का समय चल रहा है। जिसको देखते हुए स्मार्ट मीटर लगाने की कवायद तेज करना किसानों के साथ सीधी चुनौती है। गांव में कोई नहीं मिलते इसका फायदा बिजली प्रशासन उठा रहा है। इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अगर प्रशासन लगे हुए स्मार्ट मीटर नहीं हटाते है तो किसान सभा स्मार्ट मीटर हटाने का अभियान चलाएगी। जिसकी शुरुआत जल्द ही की जाएगी। तहसील अध्यक्ष रामकरण भांभू ने बताया कि कृषि कुओं पर जमा डिमांड होने के बावजूद भी किसानों को तीन सालों से कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। सरकार की किसानों के खिलाफ साजिश रची जा रही हैं। ज्ञापन देने वालों में तहसील संयुक्त सचिव कृष्ण पोटलिया, उपाध्यक्ष हाकम सिंह, सहीराम, फ़ुसाराम पोटलिया, मोतीलाल स्वामी, चंद्रभान, भजनलाल, भगत सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



## नेवटा विद्यालय में नए सत्र का धमाकेदार आगाज



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेवटा मे बुधवार को नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिन की शुरुआत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेवटा में केक काटकर नव प्रवेश विद्यार्थियों का तिलक कर और भामाशाह मुकेश चौधरी की ओर से सभी विद्यार्थियों को उपहार एवं कक्षा 10वीं और 12वीं में 80' से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर की गई। साथ ही बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान और डीजे से गांव में भव्य रैली निकाली गई। स्थानीय विद्यालय की छात्रा कक्षा 10 में प्रियांशी गुर्जर 92.33 ' व कक्षा 12 में सन्नु प्रजापत 91.00' अंक लाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर एसडीएमसी सदस्य, विद्यालय स्टाफ,ग्रामीण मौजूद रहे। प्राचार्य सरोज चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में स्कूल व पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न होती है और परीक्षा परिणाम की गांव में जानकारी मिलने से नामांकन वृद्धि में भी सहयोग होता है।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी जाएगी हनुमान जयंती

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के सामोद रोड पक्का बंधा स्थित बंधेश्वर बालाजी के एक शाम श्री बंधेश्वर बालाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर पुजारी सुनील शर्मा ने बताया कि हनुमान जी का जन्मोत्सव 2 अप्रैल को बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। हनुमान जी की फूलों से मनमोहक झांकी सजाई जाएगी। साथ ही मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। शाम को 5:15 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। जन्मोत्सव के अवसर पर जयपुर रोड इमली वाले बालाजी, धोली मंडी श्री वीर बालाजी मंदिर, सामोद स्थित बालाजी मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।



## छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का नाम किया रोशन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** रावला चौक चौमूं स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन किया। हिमांशी सोनी ने 12 विज्ञान वर्ग में 95' अंक प्राप्त किए। गरिमा सैनी ने कला वर्ग में 90.20' रिनू सैनी ने वाणिज्य वर्ग में 83.60' प्रिया यादव ने कक्षा 10 में 92.83' हर्षिता शर्मा ने कक्षा 10 में 91.67'। इस उपलक्ष में प्रधानाचार्य ममता थरेजा ने सभी छात्राओं, शिक्षको और अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।



## बाग वाले बालाजी मंदिर से 26 वीं पदयात्रा पहुंची बंधे के बालाजी

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे के बाग वाले बालाजी मंदिर से सुबह सवा पांच बजे फुलों से सुसज्जित नयनाभिराम झांकी के साथ बैंड बाजे की सुमधुर स्वरलहरियों के साथ 26 वीं पदयात्रा आकादो-बिचून होते हुए बंधे बालाजी मंदिर पहुंचीं। मंदिर पहुंचने के बाद चांद कुमावत, राधेश्याम मुरारका सहित अन्य पदयात्रियों ने मंदिर में ध्वजा चढ़ाकर भोग अर्पित कर आरती के पश्चात सैंकड़ों पदयात्रियों को पंगत प्रसादी ग्रहण करवाई। नरैना से बंधे बालाजी के मध्य रास्ते में पदयात्रियों के लिए जगह-जगह अल्पाहार सहित जल की व्यवस्था की गई।



## 50 लाख की चोरी का खुलासा, घर के नौकर ही निकले आरोपी

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने रिंग रोड परियोजना क्षेत्र के खेड़ी गोकुलपुरा में डॉक्टर के घर हुई 50 लाख रुपये की चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 33 लाख रुपये नगद भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) के अनुसार, परिवादी डॉ. प्रभाकर सेठी (78) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने 22 फरवरी को अपनी पोती की ट्यूशन फीस के लिए 50 लाख रुपये नकद घर की किचन में सुरक्षित स्थान पर छिपाकर रखे थे। 24 फरवरी को घर में चोरी का प्रयास हुआ, जिसमें शीशा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद 25 फरवरी को घर के सीसीटीवी कैमरों की सर्विसिंग हुई, जिसके दौरान घरेलू कर्मचारी सुमित और सीमा घर पर मौजूद रहे।

घटना के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में किचन का सीसीटीवी कैमरा बंद हो गया, जबकि अन्य कैमरे चालू रहे। 19 मार्च को घर के पालतू कुत्ते की अचानक मौत के बाद जब परिवार ने छिपाई गई राशि की जांच की, तो पूरी 50 लाख रुपये की नकदी गायब मिली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घर के कर्मचारियों की गतिविधियों और दिनचर्या का गहन विश्लेषण किया। संदेह के आधार पर नौकर सुमित खेतान और महिला कर्मचारी सीमा सैनी से पूछताछ की गई। शुरू में दोनों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि सुमित ने डॉ. सेठी को पैसे छिपाते हुए देख लिया था और बाद में सीसीटीवी फुटेज के जरिए पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद उसने किचन कैमरे का वायर हटाकर उसे बंद कर दिया और सीमा सैनी को अपने साथ शामिल कर चोरी को अंजाम दिया। वारदात के बाद दोनों सामान्य रूप से घर में काम करते रहे ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राधेश्याम की विशेष भूमिका रही।



## पदयात्रियों की सेवार्थ लगाया निशुल्क सेवा शिविर

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सालासर बालाजी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे पदयात्रियों की सेवा हेतु लक्ष्मणगढ़-सालासर मार्ग पर जाजोद गांव से पहले बाबूलाल निरानिया सेवा समिति के तत्वावधान में निशुल्क सेवा शिविर लगाया गया है। शिविर में निरानिया व कुमावत परिवार की ओर से पदयात्रियों के लिए विभिन्न आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। शिविर में यात्रियों के ठहरने, भोजन, नाश्ता, चाय, छाछ, शीतल पेयजल और प्राथमिक उपचार सहित दवाइयों की व्यवस्था की गई है। दूर-दराज से पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए यह शिविर विशेष सहारा बन रहा है।दिनभर शिविर में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। यहां सेवा भावना के साथ यात्रियों का स्वागत कर उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। निरानिया परिवार ने इस सेवा कार्य को भगवान की कृपा बताते हुए इसे सौभाग्य का विषय माना है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सहयोग व सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। शिविर का संचालन संयोजक बनवारी लाल निरानिया, राजकुमार निरानिया व गोरधन लाल निरानिया की ओर से किया जा रहा है।



## वाटिका के छात्र सोनू मेहरा के विज्ञान वर्ग में 99.80' अंक

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटिका के मेधावी छात्र सोनू मेहरा ने राजस्थान बोर्ड परीक्षा में विज्ञान वर्ग में 99.80' अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि पर छात्र का विभिन्न स्तरों पर भव्य सम्मान किया गया।

सर्वप्रथम शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर सोनू मेहरा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुकुल कविया कैलाश आर्य (ADEO), सीताराम गुप्ता राजेंद्र बंसल (ACBEO), गोपाल प्रसाद (ACBEO) व सारिका सिंघल (प्रधानाचार्य, रा.उ.मा.वि. वाटिका) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात सचिवालय में राजेश यादव की ओर से भी सोनू मेहरा को सम्मानित किया गया, जहां सभी अतिथि मौजूद रहे। बाद में विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विज्ञान, कृषि विज्ञान, वाणिज्य व कला वर्ग के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को माला, साफा एवं उपरणा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। समारोह में एसडीएमसी सदस्य महेश मैंणवाल, रामलाल पहाड़िया, रामकृष्ण प्रजापत, राकेश शर्मा सहित मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावक, ग्रामीण व विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने सोनू मेहरा की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## परिवहन विभाग ने बनाया नया रिकॉर्ड- 155 करोड़ राजस्व अर्जित, चालानों व वसूली में भी बढ़ोतरी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला प्रशासन के प्रभावी पर्यवेक्षण और सख्त प्रवर्तन कार्रवाई के चलते परिवहन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक का सर्वाधिक राजस्व अर्जित किया है। विभाग ने इस वर्ष 155 करोड़ रुपए का राजस्व हासिल किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के 148 करोड़ रुपए की तुलना में लगभग 105 प्रतिशत अधिक है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि यह उपलब्धि फील्ड स्टाफ व कार्यालय कर्मियों की मेहनत और सघन जांच अभियान का परिणाम है। विभाग ने इस वर्ष कुल 44,315 चालान बनाकर 21 करोड़ रुपए की प्रशमन राशि वसूल की, जो पिछले वर्ष के 37,000 चालानों और कम राशि की तुलना में 116 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 में बिना कर चुकाए चल रहे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 18,400 वाहनों से 55 करोड़ रुपए का कर वसूला गया, जबकि पिछले वर्ष 15,600 वाहनों से 45 करोड़ रुपए वसूले गए थे। इस प्रकार 3,500 अधिक वाहनों से करीब 10 करोड़ रुपए अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। मार्च माह में विभाग ने कुल 60 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 116 प्रतिशत अधिक है। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान उड़नदस्ता संख्या डीएफएस 187 में कार्यरत अनिल कुमार एवं शैलेन्द्र वर्मा ने अकेले 1.76 करोड़ रुपए की प्रशमन राशि वसूल कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विभाग की ओर से अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध सघन कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक निर्माण श्रेणी के वाहनों को जब्त कर करीब 1 करोड़ रुपए का राजस्व वसूला गया। पूरे माह में बिना कर चुकाए चल रहे लगभग 1,400 वाहनों को जब्त कर उनसे कर वसूली की गई, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इसके साथ ही विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाए। जिला प्रशासन के समन्वय से वर्षभर आयोजित कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप जिले में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में 3 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

## छात्र योगेश शर्मा ने 12वीं बोर्ड में लहराया परचम



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं तहसील के महारकलां ग्राम स्थित श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के 12वीं बोर्ड कला वर्ग में छात्र योगेश शर्मा पुत्र मामराज शर्मा ने परचम लहराया है। संस्था निदेशक रामलाल सैनी ने बताया कि स्कूल के छात्र योगेश शर्मा ने कला संकाय में 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हमारे स्कूल का लगातार शानदार रिजल्ट रहा है। हमारी फैकल्टी हमेशा अभिभावकों के विश्वास पर खरे उतरने का प्रयास करती है।

## रजनीश यादव ने किया 12वीं बोर्ड की प्रतिभाओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कानपुरा के छात्र हंसराज बुनकर पुत्र रामेश्वर प्रसाद बुनकर के 12वीं कला में 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर जनसेवक रजनीश यादव ने सम्मानित किया। इस दौरान मुकेश, केसरी देवी सहित कई महिलाएं ग्रामवासी मौजूद रहे। जनसेवक रजनीश यादव ने कहा कि यह अवसर ग्राम पंचायत कानपुरा क्षेत्र का व विद्यालय का नाम रोशन करने वाला है।




### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका उदयपुरवाटी जिला -झुन्झुनूं (राज0)

क्रमांकः न. पा. उ. /2026-27 / भूमि / 5900 दिनांक- 30/03/26

**लोक सूचना**

निम्नलिखित आवेदक ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

| आवेदक का नाम मय पता | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती मीनू पुत्री रामेश्वर लाल उदयपुरवाटी पत्नि श्री केशर देव सैनी जाति माली निवासी वार्ड न. 12, कुआ जोशियावाला कस्बा उदयपुरवाटी | उदयपुरवाटी | 2805 | 2900 वर्ग मीटर आवासीय |

इसलिए,इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदी किसी व्यक्ति को राजस्थान भू– राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारी के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान उघोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक...को जारी की गयी

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरपालिका उदयपुरवाटी**


## पंचायती राज व नगर निकायों के चुनाव टालकर लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही भाजपा सरकार:रमीला मेघवाल

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठन बढ़ाओ- लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत ब्लॉक व नगर कांग्रेस जालोर की संयुक्त बैठक बुधवार सुबह 11.00 बजे जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी भवन जालोर में आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से प्रदेश में पंचायती राज व नगर निकायों के चुनाव टालकर लोकतंत्र व लोकतांत्रिक परम्पराओं पर कुठाराघात किया जा रहा है। भाजपा के इस लोकतंत्र विरोधी रवैये जिसके तहत् भाजपा की सरकार की ओर से पंचायती राज व नगर निकाय संस्थाओं में दमनकारी नीति अपनाते हुये प्रशासक नियुक्त किए गए हैं, के विरोध तथा आम जनता को अवगत कराने के लिए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान 1 अप्रेल, 2026 से प्रारम्भ किया जा रहा है। अभियान के तहत् जालोर जिले के समस्त वार्ड, ग्राम पंचायत, ब्लॉक तथा जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठक आयोजित कर जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने समस्त कॉंग्रेसजन से इस अभियान के तहत गांव गांव ढाणी ढाणी तक भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करने की अपील की। बैठक को सम्बोधित करते हुए पुर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि यहअभियान जो सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा व मज़बूती का संकल्प है। संवैधानिक प्रावधानों की धज्जियां उड़ाकर भाजपा सरकार बार-बार पंचायत और निकाय चुनाव टाल रही है।यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये घातक है। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर चुनावों को टालने का प्रयास कर रही हैं।उन्होंने स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से अपील है कि गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें, भाजपा सरकार की असलियत को उजागर करें और जनता के अधिकारों की बात करें। साथ ही, पंचायत व वार्ड स्तर पर सक्रिय व समर्पित कांग्रेसजनों को जोड़कर पार्टी को मजबूत करें। पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस की कार्यकारिणियों के गठन से धरातल पर संगठन और अधिक सशक्त बनाएं। बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, एससी जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, पुणे खान, भरत मेघवाल, किशनाराम चौधरी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने किया। बैठक में नवनियुक्त जालोर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशनाराम चौधरी व बाकरा मंडल अध्यक्ष भरत मेघवाल का स्वागत सत्कार किया गया। बेठक समाप्ति के पश्चात समस्त कांग्रेसजनों ने जालोर शहर की सीवरेज, सड़कों सहित विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण हेतु अतिरिक्त जिला कलेक्टर जालोर को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगराध्यक्ष मुमताज अली, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, एस सी जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, ओबीसी जिलाध्यक्ष सी एल गहलोत, मंडल अध्यक्ष रमेश सोलंकी, पीर सिंह मालपुरा, पुने खान, भरत मेघवाल, किशनाराम चौधरी, गीताश्री मेघवाल, कामिनी शर्मा, बसंत सुथार, लक्ष्मण सिंह सांखला, सुरेश मेघवाल, शीला चौधरी, मांगीलाल गर्ग, मदन आब्रा,महेंद्र सोनगरा, जोगाराम सरगरा, बंशीलाल माली,उम्मेद सिंह चारण, मिश्रीमल गहलोत, फूसाराम माली, सुरेश गर्ग, कृष्ण कुमार वनिका, भरत सुथार, अयूब शेख, पुखराज माली,इकबाल खान, हामिद खान नागोरी, कमल सिंह बालावत, फकरुद्दीन मेहर, ओमप्रकाश चौधरी, कपूराराम परिहार, जुजाराम, बाबुलाल नरसाना मदन सिंह ,पोकाराम मीणा, करनाराम तिखी सहित तमाम कांग्रेसी उपस्थित रहे।


### कार्यालय नगरपालिका उदयपुरवाटी जिला झुंझुंनू (राज.)

क्रमांकः न. पा. उ. / भूमि शाखा / 2026-27/13 दिनांक :- 02/04/26

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका उदयपुरवाटी में निम्न आवेदक द्वारा सामने अंकित नियमन पट्टा, नामान्तरण, आवासीय पट्टा, निर्माण स्वीकृति चाहने बाबत इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। वांछित स्वीकृति जारी करने से पूर्व इस सम्बन्ध में 15 दिवसीय आपत्ति विज्ञप्ति का एतद द्वारा प्रकाशन किया जाकर विज्ञप्ति प्रकाशन होने की तिथि से 7 दिवस में आपत्तियां मय सबूत आमंत्रित की जाती है। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं होगा, तथा एक तरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क.स | नाम आवेदक / आवेदिका मय पता | भू-खण्ड / सम्पति / स्थान का विवरण जहा स्थित है व खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कपिल असवाल पुत्र श्री लोठाराम असवाल जाति खटीक निवासी वार्ड न.31, जमात, कस्बा उदयपुरवाटी | उदयपुरवाटी खसरा नम्बर 1971 | 260.64 वर्ग मीटर | आवसीय पट्टा प्रयोजनार्थ |
| 2 | श्रीमती संतोष देवी पत्नि श्री रूपेश कुमार उदयपुरवाटी असवाल जाति खटीक निवासी वार्ड न.27 कस्बा उदयपुरवाटी | उदयपुरवाटी खसरा नम्बर 1911 | 172.90 वर्ग मीटर | आवसीय पट्टा प्रयोजनार्थ |
| 3 | श्रीमती प्रेम देवी पत्नि श्री श्यामलाल सैनी जाति माली निवासी वार्ड न.06 बिरजावाली की ढाणी ग्राम बागोरा तहसील उदयपुरवाटी | उदयपुरवाटी खसरा नम्बर 809/479,832/479,837/479 | 187.26 वर्ग मीटर | आवसीय पट्टा प्रयोजनार्थ |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका उदयपुरवाटी**

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
02 अप्रेल, 2026


## गोविन्दपुरा में मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** गोविन्दपुरा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य मुनेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय का परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 12वीं कला वर्ग में डिंपल कुमावत ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि विज्ञान वर्ग में रेशमी फल्डोलिया ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। कुल 85 परीक्षार्थियों में से 83 ने प्रथम श्रेणी हासिल की। इनमें से 71 परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 8 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जिनका विद्यालय स्टाफ ने माला, साफा पहनाकर सम्मान किया। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन पर ग्रामवासियों ने स्टाफ को बधाई दी। सम्मान समारोह में समस्त स्टाफ के साथ उप प्रधान डॉ. शीशराम, सरपंच रघुनाथ प्रसाद, सहकारी अध्यक्ष रामवतार मेहता, भामाशाह वैध श्याम सुंदर शर्मा, समाजसेवी गंगा सहाय यादव, गणपतराम फल्डोलिया, देवीलाल भदाला, पप्पू राम भदाला, हरलाल जाखड़, मदनलाल फल्डोलिया, ओमप्रकाश निठारवाल और सम्मानित विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने नामांकन बढ़ाने के लिए अपील की और प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की सफलता में सभी से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## वंदे मातरम् राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक हैः एबीवीपी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुजानगढ़ की ओर से परिसर-परिसर वंदे मातरम् अभियान के तहत श्रीमती सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद व सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य साधना सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। आज के युवा को देश के क्रांतिकारियों और महापुरुषों के योगदान के साथ इतिहास की सही जानकारी होना आवश्यक है। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एबीवीपी की सीकर विभाग छात्रा प्रमुख रमा शेखावत ने कहा कि एबीवीपी वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में इसके महत्व को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। वंदे मातरम युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना का संचार करता है और यह मां भारती की आराधना है। कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री छतर सिंह, राहुल शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, प्रमोद प्रजापत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रतनगढ़ः शिव हनुमान मंदिर से निकाली भव्य प्रभात फेरी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड नंबर 28 में शिव हनुमान मंदिर प्रांगण से सुबह श्रद्धा और उल्लास के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। पिछले 9 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रही इस प्रभात फेरी में वार्ड वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।प्रभात फेरी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर ताल वाले बालाजी मंदिर पहुंची, जहाँ श्रद्धालुओं की ओर से 51 सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके पश्चात फेरी गनेड़ीया मंदिर, प्रजापति भवन और गिगराज धिंनड चौक होते हुए पुनः शिव हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह प्रभात फेरी पिछले 9 वर्षों से नियमित रूप से निकाली जा रही है। इसमें वार्ड के पुरुष, महिलाएँ और बच्चे पूरी श्रद्धा के साथ सम्मिलित होते हैं। प्रभात फेरी के दौरान पूरा मार्ग भक्तिमय भजनों और जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन के निरंतर जारी रहने और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की।

## मानसिक विमन्दित क़ो पहुंचाया पुनर्वास गृह

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़ (नि.सं.)। छापर पडिहारा के बीच मालगाड़ी के आगे पटरी पर लेटे मानसिक विमन्दित क़ो ट्रैन गार्ड की सूचना पर पैसेंजर ट्रैन से सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन लाया गया। वहाँ से लिखित कार्यवाही कर आरपीए सुजानगढ़ के चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश गोदारा, हेड कांस्टेबल रामकरण, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, रेनीवाल फाउंडेशन की एम्बुलेंस से नवरत्न बिजारणिया के सहयोग से डीडवाना स्थित जीवन ज्योति मानसिक विमन्दित पुनर्वास गृह ले जाकर वहाँ संचालक रवि शर्मा क़ो लिखित कार्यवाही द्वारा रात करीब 11 बजे सुपुर्द कर दिया गया। स्वर्णकार ने बताया कि उक्त व्यक्ति भाषा के आधार पर साउथ इंडियन प्रतीत होता है।

# मंडावा में मेधा का महाउत्सवः टॉपर्स के सम्मान में गूंजा 'विजय उत्सव'



जयपुर टाइम्स

**मंड़ावा(निस)।** मंडावा स्थित श्री सनातन धर्म पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य 'विजय उत्सव' का आयोजन किया गया। यह समारोह केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा और मेधा के उत्सव के रूप में उभरा। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब मुख्य अतिथि समाजसेवी व भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। उनके प्रेरणादायी विचारों ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। वहीं, जयपुर से पधारे विशिष्ट अतिथि रौनक पारीक ने छात्रों की उपलब्धियों को भविष्य की बड़ी सफलताओं की नींव बताते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में मंडावा के नागरिकों, अभिभावकों, शिक्षक व छात्र-छात्राओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को जन-उत्सव का रूप दे दिया। हर ओर तालियों की गूंज, मुस्कान और गर्व का माहौल देखने को मिला। कक्षा 10वीं में शानदार प्रदर्शन - ईरम (95.67') ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। हिमांशु ढाका (95') और तानिया (95') संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे।

वहीं वाणिज्य वर्ग में मंडावा टॉपर्स का जलवा रहा-

हर्षित देवड़ा और मानसी मोदी (94.80') ने मंडावा टॉप कर इतिहास रच दिया।

मोनिका (93.20') द्वितीय स्थान पर रहीं। दीपक शर्मा एवं यशवी (88.60') तृतीय स्थान पर रहे।

अन्य उल्लेखनीय प्रदर्शनः जस थालिया (87'), दीपक मोदी (84') रहा।

मानसी मोदी ने अंग्रेजी में 100/100 अंक , तानिया ने हिंदी में 100/100 अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। सम्मान, सम्मान और सिर्फ सम्मान - कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को माल्यार्पण, साफा पहनाकर व मिठाई वितरण के साथ सम्मानित किया गया। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और गर्व का माहौल बना रहा। ट्रस्टी पवन देवड़ा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, जबकि ट्रस्ट अध्यक्ष अतुल चूड़ीवाल ने इन उपलब्धियों को विद्यालय के स्वर्णिम इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय बताया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों व उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# वाहिदपुरा स्कूल में नव सत्र का शुभारंभ, विद्यार्थियों को बैग व अध्ययन सामग्री वितरित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा में बुधवार को नव सत्र का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर एएओ महेश खीचड़ की ओर से नव प्रवेशित विद्यार्थियों को स्कूल बैग व अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मण्डावा पवन कुमार ने विद्यार्थियों का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा नव सत्र के प्रथम दिन विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की। साथ ही बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर महेश खीचड़ ने विद्यालय के प्राथमिक विभाग के लिए आकर्षक वॉल पेंटिंग बनवाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुमन कुमारी ने



की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्रम सिंह शेखावत (संस्थापन अधिकारी, डाइट झुंझुनू), उप प्राचार्य बबीता व नीलम कुमारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। महेश खीचड़ वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कार्यालय में कार्यरत हैं।

## स्कूल टॉप करने पर कीर्ति का स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नाथा तालाब स्थित एक निजी स्कूल की छात्रा कीर्ति खांडल ने 92.60 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया है। छात्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया। कीर्ति ने बताया कि विद्यालय के अध्यापक



सुशील, सुविधा शर्मा, भागीरथ सिंह आदि का अहम योगदान रहा। बालिका के स्वागत के मौके पर एड. शिवभगवान शर्मा, हीरालाल शर्मा, एड. किशन शर्मा, कनिष्का शर्मा आदि ने माला पहना कर बधाई दी और मिठाई खिलाई।

## उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रधानाचार्य सुरेन्द्र मील का ग्रामीणों ने किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरियासर कलां के प्रधानाचार्य, मंडावा ब्लॉक के सबसे वरिष्ठ पीईईओ हेतमसर निवासी सुरेन्द्र कुमार मील अपनी 37 वर्ष की राजकीय सेवा सफलतापूर्वक पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के उप निदेशक शीशराम कुलहरी रहे। उप निदेशक ने अपने संबोधन में सुरेन्द्र मील की गौरवमयी सेवा तथा उनके जीवन के विभिन्न किस्सों व शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में बताते हुए उनके सुखद जीवन की कामना की। प्रधानाचार्य ने अपने सेवानिवृत्ति संबोधन में अपने माता- पिता, परिवारजनों, अपने गुरुओं, स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों सभी को मंच के माध्यम से याद कर उन सब का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्राचार्य उमर फारूक तथा उप प्राचार्य ताहिर अहमद ने किया। इस अवसर पर मील के परिवारजन, स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि विजय कुमार लोयल तथा शमशाद अली उपस्थित रहे।


**कार्यालय :- अधीक्षक, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 4402 दिनांकः- 45,3,26

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेडियोलोजी विभाग में काम आने वाले रिजेण्टस / आईटम क्रय | 8.00 लाख | 10-04-26 | MHS2526G SRC07836 |

DIPR/C/6222/2026

सदस्य सचिव ( RMRS )
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 27-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of Supply yearly work invited from interested bidders upto 11:30 AM 07-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2526SSRC40637

Raj.Samwad/C/26/32

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 27-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of Supply yearly work invited from interested bidders upto 02:00 AM 07-04-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2526SSRC40634, DLB2526SSRC40635, DLB2526GSRC40636

Raj.Samwad/C/26/33

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

**कार्यालय नगरपरिषद् चूरू (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प./चूरू/स्टोर शाखा/2025–26/21255789 दिनांक : 25.03.2026

**निविदा सूचना 117 वर्ष 2025–26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, चूरू द्वारा 01 कार्य हेतु उपयुक्त सद्व्यवहार संस्थाओं/अधिकृत डीलर से मोहरबन्द निविदा आईडी नम्बर **DLB2526B3604** आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है। **UBN NO. DLB2526GSOB40554**

राज.संवाद/सी/26/61

आयुक्त, नगरपरिषद् चूरू

राजस्थान–सरकार

**कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राज0)**

राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल के पास, चूरू :– 331001

दूरभाष :– 01562–250318 ई–मेल :– npchuru@gmail.com

क्रमांक :– न.प.चूरू/विकास शाखा/2025–26/21303048 दिनांक :– 27.03.2026

**ई–निविदा सूचना 118 वर्ष 2025–26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा 04 कार्यो की निविदा आईडी नम्बर **DLB2526B3661** आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

**UBN Code :- DLB2526WSOB40706, 40707, 40708, 40709**

राज.संवाद/सी/26/64

आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू


## कोलीवाड़ा रोड पर गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा, लोगों ने मरम्मत की मांग उठाई



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के कोलीवाड़ा स्थित श्रीराम गौशाला रोड पर पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क की मरम्मत नहीं होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पक्की डामर सड़क को खोदने के बाद महीनों से अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और आवागमन जोखिमभरा हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क को बीच से काटकर पाइपलाइन डाली गई थी, लेकिन इसके बाद विभाग की ओर से मरम्मत नहीं करवाई गई। समय के साथ गड्ढे और गहरे हो गए हैं, जिससे दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों में इसको लेकर नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण रोजाना हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में जल्द से जल्द गड्ढों को भरवाकर सड़क की मरम्मत कराई जानी चाहिए, ताकि आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कोलीवाड़ा रोड की स्थिति में शीघ्र सुधार किया जाए और भविष्य में ऐसे कार्यों के बाद तुरंत मरम्मत सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को परेशानी न हो।

## ऑस्ट्रेलिया में यूजीपीएफ का वैश्विक विजन प्रस्तुत, अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू/जयपुर।** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन (यूजीपीएफ) के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के वैश्विक विजन, उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य, टिकाऊ कृषि और भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल, निदेशक व प्रधान सलाहकार डॉ. विक्रांत सिंह तोमर तथा सलाहकार राजेन्द्र सिंह शेखावत (पूर्व आईएएस) ने किया। उन्होंने संस्था की बहुआयामी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए युवाओं को सशक्त बनाने, सामाजिक समरसता और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने की बात कही। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मेलबर्न के केसी क्षेत्र के महापौर से भी मुलाकात कर शिक्षा, युवा विकास और सामुदायिक सहयोग के क्षेत्रों में संभावनाओं पर चर्चा की। निदेशक ब्रिगेडियर जितेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में यूजीपीएफ की पहल अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान आदान-प्रदान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संस्था भविष्य में वैश्विक स्तर पर शिक्षा व सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शिक्षकों का बकाया मानदेय शीघ्र जारी हो, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शिक्षकों की लंबित मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा रतनगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार से वार्ता कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राजस्थान लोक सेवा आयोग व अन्य बोर्डों की प्रतियोगी परीक्षाओं में सेवाएं देने वाले शिक्षकों का लंबे समय से बकाया मानदेय तत्काल जारी करने की मांग उठाई गई। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज शर्मा व ब्लॉक सचिव मुरलीधर अजमेरिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पूनिया, उपसभाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत व संघर्ष समिति संयोजक बजरंग बिस्सू उपस्थित रहे। शिक्षक नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही बकाया मानदेय जारी नहीं किया गया तो संगठन मजबूरन आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन का बहिष्कार करना पड़ेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No: 2988-3002 Date: 25.03.2026

**Notice Inviting Bid No 28/2025-26**

Bids for 1 (One Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 10.04.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 82.00 Lacs

NIB No- PWD2526A6301
UBN NO :- 1. PWD2526WSOB26291

DIPR/C/6269/2026

Executive Engineer
PWD Dn. Sujangarh

# पाली में 'नए कप्तान' की एंट्री-अब लापरवाह अफसरों की खैर नहीं!

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/पाली।** प्रदेश में प्रशासनिक सुस्ती और लापरवाही पर नकेल कसने के लिए राज्य सरकार ने देर रात 65 आईएएस अधिकारियों का बड़ा फेरबदल कर दिया। इस सख्त कदम के तहत पाली जिले को नया कलेक्टर मिला है। अब जिले की कमान तेज-तर्रार और सख्त माने जाने वाले अधिकारी डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के हाथों में सौंपी गई है। सरकारी आदेश के मुताबिक, डॉ. गोस्वामी को पाली का जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे जयपुर में संयुक्त शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन जैसे अहम पदों पर रहते हुए अपनी कार्यक्षमता साबित कर चुके हैं। अब पाली में उनकी नियुक्ति को सीधे तौर पर 'परफॉर्म या ट्रांसफर' के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।



## लापरवाह अफसरों पर गिरेगी गाज?:

नए कलेक्टर के आगमन के साथ ही यह चर्चा तेज हो गई है कि अब काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, काम में कोताही और जनता की शिकायतों को नजरअंदाज करने वालों की अब खैर नहीं होगी।

## जनता की उम्मीदें और सिस्टम पर दबावः

पाली की जनता अब बदलाव चाहती है। लोगों को उम्मीद है कि नया नेतृत्व न केवल योजनाओं को गति देगा, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह भी बनाएगा। अब प्रशासन पर सीधा दबाव रहेगा कि वह जमीनी स्तर पर काम करके दिखाए। पाली में नए 'कप्तान' की एंट्री के साथ ही सिस्टम में हलचल तय मानी जा रही है। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन खुद को बदलता है या फिर सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहता है। एक बात साफ है–अब पाली में लापरवाही की कोई जगह नहीं बची है।


## अब मैदान में होगी असली परीक्षाः

पाली जिला लंबे समय से जल संकट, बदहाल सड़कें, सफाई व्यवस्था और धीमी प्रशासनिक कार्यशैली जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। आमजन लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन समाधान की गति बेहद धीमी रही है। ऐसे में डॉ. गोस्वामी के सामने सबसे बड़ी चुनौती इन जमीनी समस्याओं को तुरंत प्रभाव से सुलझाना होगी।

## *अब नहीं चलेगी ढिलाईः*

*प्रदेशभर में हुए इस बड़े फेरबदल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब सरकार लापरवाही, सुस्ती और फाइलों में दबे कामों को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। पाली जैसे अहम जिले में नए कलेक्टर की तैनाती प्रशासनिक सिस्टम को झकझोरने वाली मानी जा रही है।*

# बजरी माफियाओं की दबंगई से ग्रामीणों में दहशत, कार्रवाई की मांग



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के नेकपुर गांव में बजरी माफियाओं की बढ़ती दबंगई से ग्रामीणों में भय का माहौल है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार 29 मार्च की शाम करीब 7 बजे चंबल से बजरी भरकर आ रहे ट्रैक्टर चालक गांव में तेज गति से वाहन चला रहे थे। इस दौरान वे अश्लील गाने बजा रहे थे और महिलाओं के प्रति अभद्र व्यवहार कर रहे थे। जब ग्रामीणों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो चालक गाली-गलौज पर उतर आए और मारपीट का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान एक व्यक्ति ने कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी, वहीं एक अन्य व्यक्ति द्वारा फोन पर भी धमकियां दी गईं। घटना के बाद 30 मार्च को सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उल्टा विपक्षी पक्ष द्वारा झूठी एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया गया, जो जांच में संदिग्ध पाया गया। लोगों का कहना है कि बजरी कारोबारियों की गतिविधियों से गांव में दहशत का माहौल है और कभी भी गंभीर घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांव में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं।

# जमीनी विवाद में पथरावः पुलिस पर भी फेंके पत्थर, हालात बेकाबू



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/बाड़ी(निस)** शहर के कायस्थ पाड़ा पुलिया क्षेत्र में बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा और पथराव की घटना हो गई। हालात इतने बिगड़ गए कि मौके पर पहुंची पुलिस पर भी एक पक्ष ने पत्थर फेंक दिए, जिससे पुलिस को पीछे हटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, विवादित जमीन को एक माह पूर्व कोर्ट के आदेश पर खाली कराया गया था। बुधवार को एक पक्ष द्वारा जमीन पर नींव खोदने का कार्य किया जा रहा था, तभी दूसरे पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों के बीच कहासुनी के बाद पथराव शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर पत्थरबाजी की। महिलाओं द्वारा भी पथराव किए जाने और कुछ लोगों द्वारा छतों से पत्थर फेंकने की बात सामने आई है। इस दौरान एक वाहन के शीशे भी टूट गए। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन पथराव बढ़ने पर हालात काबू से बाहर हो गए। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस को अस्थायी रूप से पीछे हटना पड़ा। पुलिस के अनुसार, 9 मार्च को प्रशासन की मौजूदगी में कोर्ट के आदेश पर करीब डेढ़ बीघा भूमि खाली कराई गई थी। इस मामले में एक पक्ष द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, वहीं पुलिस ने भी पथराव को लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए 5 अप्रैल तक करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वर्ष 2026 के लिए भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए योग्य अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रारंभ किया जा चुके है। जिला परिवीक्षा व समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गयी है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में 5 अप्रैल तक डाक की ओर से या व्यक्तिशः जिला कार्यालय में जमा कराए जा सकते है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिया जाएगा। जिनमें क्रमशः जिला स्तरीय अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार, जिला स्तरीय अंबेडकर महिला पुरस्कार, जिला स्तरीय अंबेडकर न्याय पुरस्कार शामिल है। पूर्व में पुरस्कृत आवेदक आवेदन नहीं कर सकते है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से अथवा जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आवेदनों की जिला स्तरीय समिति द्वारा जांच कर चयन प्रक्रिया की जाएगी। जिला स्तर पर चयनित व्यक्ति को पुरस्कार के रूप में केवल प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा नकद राशि नहीं दी जायेगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय में आरएसएसी लाईन के सामने धौलपुर में संपर्क किया जा सकता है।

# पुलिस की तत्परताः 2 घंटे में गुमशुदा नाबालिग को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** थाना सदर धौलपुर क्षेत्र से परिजनों की बात से नाराज होकर घर से बिना बताए निकले एक नाबालिग को पुलिस ने महज दो घंटे में तलाश कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा तथा एएसपी बाड़ी कमल कुमार जांगिड के सुपरविजन में पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सूचना मिलते ही थानाधिकारी महेश मीणा के नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिग की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आसपास के क्षेत्रों और संदिग्ध स्थानों पर खोजबीन की। तलाश के दौरान नाबालिग को ढूंढापुरा रेलवे फाटक के पास से दस्तयाब किया गया इसके बाद पुलिस ने नाबालिग को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया।

# कानीवाड़ा बालाजी की महिमा रचित हनुमान चालीसा का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** आस्था, भक्ति और संस्कृति के संगम का साक्षी बना जालौर। मंदिर परिसर में 'कानीवाड़ा हनुमान चालीसा' का भव्य विमोचन राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व जालौर विधायक जोगेश्वर गर्ग के हाथों से मंगलवार को सम्पन्न हुआ। कानीवाड़ा बालाजी की दिव्य महिमा को जन-जन तक पहुँचाने के एक पवित्र प्रयास के तहत यह आयोजन रहा। शिक्षाविद संदीप जोशी की ओर से रचित इस हनुमान चालीसा में कुल 40 पदों के माध्यम से कानीवाड़ा बालाजी की अलौकिक शक्ति, कृपा और चमत्कारों का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया है। कानीवाड़ा बालाजी मंदिर अपनी अद्भुत आस्था और चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है, जिसकी ख्याति सालासर बालाजी मंदिर की तरह दूर-दूर तक फैल रही है। इसी आस्था को शब्दों में पिरोते हुए यह चालीसा भक्तों के लिए समर्पित की गई है। विमोचन समारोह में उपस्थित जनसमूह भक्ति भाव से ओत-प्रोत नजर आया। इस अवसर पर श्री कानीवाड़ा मंदिर के पुजारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार, भाजपा जिला महामंत्री गजेंद्रसिंह सिसोदिया, पूर्व जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, अधिवक्ता परिषद के अश्विन राजपुरोहित, दशरथसिंह भाटी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्तजनों ने कहा कि ऐसे धार्मिक साहित्य न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को सशक्त करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। कानीवाड़ा हनुमान चालीसा अब भक्तों के लिए आस्था का एक नया माध्यम बनकर उभरेगी, जो उन्हें प्रभु श्री हनुमान की कृपा से जोड़ते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगी।

# 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियानः डुडसी में विशेष जांच शिविर, 48 लोगों की स्क्रीनिंग

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन को गति देने के उद्देश्य से विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर डुडसी में शिविर आयोजित किया गया, जहां आमजन की स्वास्थ्य जांच के साथ टीबी के संभावित रोगियों की पहचान पर विशेष जोर दिया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी रोग की जांच की जा रही है। जांच के दौरान चिन्हित संभावित मरीजों को आगे की बलगम जांच एवं उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर रेफर किया जा रहा है, ताकि उन्हें समय पर इलाज मिल सके। डुडसी में आयोजित शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा 48 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर डिजिटल एक्स-रे के माध्यम से जांच की गई। साथ ही उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, लगातार बुखार आना, वजन कम होना, रात में पसीना आना और कमजोरी टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराना जरूरी है। अभियान के तहत जिले में निरंतर जांच शिविरों और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से टीबी रोगियों की पहचान की जा रही है। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे टीबी के प्रति जागरूक रहें, लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय पर जांच व उपचार लेकर टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य में सहयोग दें। शिविर में बीएचएस श्रवण कुमार, एआरजी मनीष सैनी, एएनएम नीलम सहित आशा सहयोगिनी आशी देवी, सुंदर देवी, मंजू देवी और सोनल कंवर ने सेवाएं दीं।





# सिंघावली कला में मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान, 12वीं-10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत





जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)** ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बड़ी सिंघावली कला के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में ग्राम पंचायत सिंघावली कला में भव्य एवं गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर हरिओम पाल सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी चरण सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में ठाकुर उदयभान सिंह, कमल सिंह बघेल, डॉ. घनश्याम जैन, ठाकुर नत्थी सिंह एवं ठाकुर नारायण सिंह शामिल रहे। नवीन सत्र के पहले दिन विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। माता-समूह द्वारा भजन-कीर्तन के साथ प्रवेश किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां बागेश्वरी की वंदना से हुई। विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का साफा, माला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य राजंती मीणा ने बताया कि कक्षा 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें छात्रा पल्लवी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 10वीं में भी शत-प्रतिशत परिणाम रहा, जिसमें बब्बर बांन (89'), अमन जादौन (86') एवं नितिन कुमार (78') ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को साफा, माला, शील्ड एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव में सजी-धजी गाड़ियों के साथ भव्य रैली निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति गीतों के बीच विद्यार्थियों ने पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना दिया। ग्रामीणों ने विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रधानाचार्य राजंती मीणा का भी माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। प्रवेश उत्सव के तहत पांच बच्चों का नवप्रवेश कराया गया और उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ सहित सिंघावली खुर्द के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण शर्मा भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के मनोबल और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला बताया। समारोह शिक्षा, संस्कार और समाज के समन्वय का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।

# हर पंचायत में लगेगा समाधान का दरबारः सुमेरपुर में एक साथ 'जनसुनवाई' अभियान

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** राज्य सरकार के निर्देशों के तहत सुमेरपुर उपखंड में 2 अप्रैल को प्रशासनिक स्तर पर बड़ा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दिन उपखंड की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर एक साथ 'ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई' का आयोजन किया जाएगा,जहां आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उपखंड अधिकारी की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, गुरुवार को प्रातः 11 बजे से भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्रों पर यह जनसुनवाई आयोजित होगी। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए ग्रामवार पंचायतों का आवंटन कर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निगरानी और पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**हर विभाग रहेगा मौके पर मौजूदः**

जनसुनवाई शिविर में ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के साथ विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इनमें ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, गिरदावर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, चिकित्सा विभाग के एएनएम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन, कृषि, पशुपालन, शिक्षा विभाग, ई-मित्र एवं पुलिस विभाग के कार्मिक शामिल रहेंगे। इन सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई है।



**समस्याओं के समाधान पर रहेगा फोकसः**

प्रशासन का दावा है कि इस जनसुनवाई अभियान के जरिए आमजन को राहत देने के लिए मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी, जिससे लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। विशेष रूप से पेयजल, बिजली, सड़क, राजस्व, पेंशन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं पर प्राथमिकता से सुनवाई की जाएगी।

**प्रशासन ने जताई सक्रिय भागीदारी की उम्मीदः**

उपखंड प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं, ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस व्यापक जनसुनवाई अभियान को प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे ग्रामीण स्तर पर शासन की पहुंच और जवाबदेही दोनों मजबूत हो सके।

# *श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजनाः वार्ड सभाओं का होगा आयोजन*

***धौलपुर(निस)।** स्वायत्त शासन विभाग की ओर से ग्रासरूट स्तर पर आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य सरकार की ओर से लागू की गई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत विकसित राजस्थान 2047 विजन के अनुरूप योजनाबद्ध विकास के लिए राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफोर्मेशन एण्ड इनोवेशन के माध्यम से शहरी निकाय क्षेत्रों से जिला स्तर तक के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से घोषणा की गई है। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बाड़ी उत्तम चन्द बंसल ने बताया कि घोषणा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान आयोजित किए जाने के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी व वार्ड टीम के लिए कार्मिकों को नियुक्त कर वार्ड सभा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को वार्ड संख्या 1 से 10 तक का ए-वन पैलेस बाड़ी, 7 अप्रैल को वार्ड संख्या 11 से 20 तक का मेला ग्राउण्ड बाड़ी, 8 अप्रैल को वार्ड संख्या 21 से 30 तक का परशुराम धर्मशाला बाड़ी, 9 अप्रैल को वार्ड संख्या 31 से 40 तक का सत्यनारायण धर्मशाला बाड़ी, 10 अप्रैल को वार्ड संख्या 41 से 45 तक का कुशवाह धर्मशाला बाड़ी तथा 13 अप्रैल से 15 मई तक वार्ड संख्या 1 से 45 तक का फोलोअल शिविर नगर पालिका बाड़ी कार्यालय में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक वार्ड सभा आयोजित की जाएगी।*

**RAJASTHAN MEDICAL SERVICES CORPORATION LTD.**
(A Govt. of Rajasthan Undertaking), Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, Jaipur-302005, India,
Phone No: 0141-2228066, 2228064, Website: www.rmsc.health.rajasthan.gov.in,
CIN : U24232RJ2011SGCO35067, E-mail : edpssrmsc@rajasthan.gov.in

Ref No. :- F.8( )/RMSCL/EPM/NIB/2025/1905 Dated :- 24/03/2026

**Notice Inviting E-Bids**

Sealed Single Stage Two- envelopes unconditional online Bids for Two Year Rate Contract, are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the procurement of Goods as listed below, from Manufacturer /Direct Importer as per the Bidding Schedule given below:

| S. No. | Item Name/Description | Ref. No. | UBN | Estimated Value Rs. in Crore | Last Time & Last date for bid submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 3 part CBC Analyzer | F-8() RMSC/EPM/M-4/ NIB-944/2025-26/1867 | MSC2526GLOB00097 | 75,00,00,000/- | 30.04.2026 Up to 6.00 PM |
| 2. | Semi Auto Analyzer | F-8() RMSC/EPM/M-4/ NIB-945/2025-26/1866 | MSC2526GLOB00098 | 50,00,00,000/- | 30.04.2026 Up to 6.00 PM |

Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal **http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://rmsc.health.rajasthan.gov.in** and may be downloaded from there.

**Executive Director (EPM)**
**RMSCL**

Raj.Samwad/C/26/34

# गौसेवा बनी जनआंदोलन की प्रेरणाः सुमेरपुर में भामाशाहों का उमड़ा समर्पण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** सुमेरपुर क्षेत्र में गौसेवा को लेकर समाज में प्रेरणादायक माहौल बनता जा रहा है। बुधवार को श्री राम गौशाला सेवा समिति, कोलीवाड़ा में भामाशाहों की ओर से लगातार किए जा रहे सेवा कार्य न केवल गौमाताओं के संरक्षण को मजबूती दे रहे हैं, बल्कि समाज में सेवा, करुणा और संस्कारों की नई चेतना भी जगा रहे हैं। गौशाला उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने बताया कि गौशाला के विशेष सहयोगी सदस्य व भामाशाह चंपालाल चांदोरा (सुमेरपुर) की ओर से गौमाताओं के लिए दो कार्टून गुड़ समर्पित किए गए। उनका यह योगदान निस्वार्थ सेवा भाव और भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक माना जा रहा है। वहीं, गोपीलाल सोनी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों पुष्पा देवी पत्नी गोपीलाल सोनी एवं समस्त परिवार की ओर से गौमाताओं के हरे चारे हेतु 5100 की सहयोग राशि गौशाला को अर्पित की गई। इस अवसर पर परिवार ने गौसेवा को ही सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

## सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि, समाज के लिए प्रेरणाः

गौशाला समिति से जुड़े कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। जब लोग अपने पारिवारिक अवसरों–जैसे पुण्यतिथि–को सेवा से जोड़ते हैं, तो वह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है।

## गौसेवा से फैल रहा संवेदना का संदेशः

वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार ने कहा कि भामाशाहों का यह सहयोग न केवल गौशाला की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि युवाओं और आमजन को भी गौसेवा के लिए प्रेरित कर रहा है। समिति ने सभी गौभक्तों से अपील की है कि वे आगे आकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभाएं।

## समिति ने जताया आभारः

श्री राम गौशाला सेवा समिति ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही गौसेवा का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है और भविष्य में इसे और व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। गौमाता की सेवा में आगे आएं–आपका छोटा सा सहयोग भी किसी निराश्रित गौ के जीवन में बड़ा सहारा बन सकता है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
02 अप्रेल, 2026

## आसलस विद्यालय ने लहराया परचम, उत्कृष्ट परिणाम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव आसलसर की आदर्श विद्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के विधार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में परचम लहराते हुए विद्यालय, गांव, तहसील व जिले का नाम रौशन किया है। प्रधानाचार्य संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय की निर्मला पारीक 97.80 प्रतिशत व दीपिका पुत्री नरेंद्र सिंह ने 96.60 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर किया है। विद्यालय परिवार की ओर से घर पर पहुंचकर टॉपर छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी क्रम में विद्यालय के 33 विधार्थियों में से 30 विधार्थियों ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंकों के साथ बोर्ड परीक्षा परिणामों में सफलता हासिल की है। विद्यालय का सौ प्रतिशत परिणाम रहने पर विद्यालय परिवार की ओर से टॉपर विधार्थियों सहित सभी का स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संदीप कुमार, व्यवस्थापक नवीन कुमार, अध्यापक जितेंद्र सिंह, सदाम हुसैन, विनोद कुमार, भगवानाराम, रामाकिशन, सुखवीरसिंह सहित अनेक लोगों ने विधार्थियों का उत्साहवर्धन कर सम्मान करते हुए शुभकामनाएं दी।



## पीएमश्री टांटिया राजकीय विद्यालय में कला वर्ग व विज्ञान वर्ग की टॉपर बालिकाओं का सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पीएम श्री गिरधारी लाल शिवनारायण टांटिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12 वीं कला व विज्ञान वर्ग की टापर्स बालिकाओं का सम्मान समारोह विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित किया गया। इस समारोह में विद्यालय की समस्त बालक-बालिकाओं व अभिभावक तथा स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कक्षा 12 वीं विज्ञान वर्ग व कला वर्ग में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने में दस बालिकाएं कला वर्ग की और 14 बालिकाएं विज्ञान वर्ग की का प्राचार्य विजय कुमार पारीक, उपप्राचार्य राजकुमार माली, प्रथम पारी प्रभारी रेणु शर्मा, द्वितीय पारी प्रभारी जुल्फैन व स्टाफ सचिव विकास पारीक ने गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर कर अभिनन्दन किया। इस अवसर कला व विज्ञान संकाय में अध्ययन करवाने वाले सभी स्टाफ सदस्यों का भी अभिनंदन किया गया। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं में मुस्कान पुत्री इस्फाक 92.20 प्रतिशत, शब्बा खोखर पुत्री मो. अब्बास खोखर 91.80 प्रतिशत, हर्षिता स्वामी पुत्री रामरतन स्वामी 87.20 प्रतिशत, दृष्टि सोनी पुत्री शंकर लाल 86.40 प्रतिशत, कृष्णा स्वामी पुत्री ओमप्रकाश स्वामी 85.60 प्रतिशत, वर्षा मुनपुरिया पुत्री मदनलाल मुनपुरिया 85.60 प्रतिशत, कनक स्वामी पुत्री लालचन्द 85.40 प्रतिशत, सना बानो पुत्री हसन अली 85.20 प्रतिशत, शोफिया कुरैशी पुत्री मो. रमजान कुरैशी 85.20 प्रतिशत, लक्ष्मी सुथार पुत्री रामदेव सुथार 85.00 प्रतिशत, शगुफ्ता मनिहार पुत्री शाकिर मनिहार 83.60 प्रतिशत, खुशबू भाटी पुत्री इन्तज़ार भाटी 82.20 प्रतिशत, प्रीति बारासा पुत्री धर्मचन्द 80.80 प्रतिशत, कल्पना सैनी पुत्री किशन लाल सैनी 80.00 प्रतिशत, अंक एवं कला वर्ग में शिवानी सोनी पुत्री हरिओम सोनी 94.40 प्रतिशत, रिया कंवर पुत्री किशन सिंह 89.40 प्रतिशत, शोभना जाट पुत्री कानाराम जाट 88.00 प्रतिशत, हेमलता सोनी पुत्री श्रवण कुमार सोनी 87.80 प्रतिशत, रुचिका चिरानियां पुत्री जगदीश प्रसाद चिरानियां 85.00 प्रतिशत, जयश्री पुत्री चम्पालाल 81.40 प्रतिशत, रिशिका सैनी पुत्री नथमल सैनी 81.40 प्रतिशत, उषा शर्मा पुत्री छोटूलाल शर्मा 81.40 प्रतिशत, पायल पुत्री बद्री प्रसाद 81.20 प्रतिशत, कृष्णा स्वामी पुत्री कैलाश स्वामी ने 80.80 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया। उप्राचार्य राजकुमार माली व स्टाफ सचिव विकास पारीक ने भी सभी को शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की। समारोह में स्टाफ सदस्य रेणू शर्मा, रमेश कुमार सैनी, सोनू गुर्जर, सन्त कुमार बाना, कृष्ण गोपाल शर्मा, राकेश सांकृत्य, सोनम पारीक, सुरुचि प्रजापत, राजकुमार पालीवाल, मुन्नी शर्मा, रेखा पुरोहित, मनीष कुमार सेवदा, आसाराम, ताराचंद शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, नीलम चौधरी, उर्मिला जाड़ीवाल, कुमकुम निर्वाण, नम्रता वर्मा, राजवीर, शशिकांता शर्मा, कौशल्या शर्मा, अशोक जाखड़, लालचंद बेनीवाल, सुमन कंवर, इंदरचंद चिरानिया, नन्दलाल पारीक, उर्मिला, जाकिर हुसैन आदि ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले बच्चों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश सांकृत्य ने किया।



## प्रवेश उत्सव में नामांकन रैली, बोर्ड टॉपर्स का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम बण्डवा स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव के तहत नामांकन रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अधिकाधिक नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र कुमार द्वारा साफा पहनाकर सम्मान किया गया। विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त विद्यालय स्टाफ का आभार जताया। कार्यक्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बण्डवा के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार तानेनिया, व्याख्याता प्रभुराम जांगू, भोजराज शर्मा, रचना प्रजापत, पिंकी मीणा, रवि राठी, ललिता सहू, ओमप्रकाश मेघवाल एवं किशोर सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया।

## पुरानी जलदाय टंकी की सफाई पूरी, भाजपा पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के जलदाय विभाग के पुराने कार्यालय परिसर में स्थित पानी की टंकी की सफाई कार्य बुधवार को पूर्ण किया गया। सफाई के बाद निवर्तमान पार्षद सहित भाजपा पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को टंकी की स्थिति व सफाई प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से एफआईआर (फिक्स्ड इंटरवल रूटीन) के तहत प्रतिवर्ष टंकियों की नियमित सफाई करवाई जाती है। इसी क्रम में आज पुराने जलदाय विभाग की टंकी की सफाई की गई है। कनिष्ठ अभियंता संजय पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दिनों में खाकी धोरा एवं मोडिया धोरा स्थित टंकियों की भी सफाई करवाई जाएगी, ताकि आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान निवर्तमान पार्षद रजिया बानो, पूर्व पालिका अध्यक्ष गोपाल मारू, भाजपा महामंत्री खेमराज पारीक, जिला ओबीसी उपाध्यक्ष इन्द्रचंद देवड़ा, किशोरी लाल प्रजापत, धनपत शर्मा, सावरमल खटीक, असलम, गुलाब माली सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने पेयजल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित सफाई व्यवस्था जारी रखने पर जोर दिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## जल समस्याओं को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन से की वार्ता, समाधान का आश्वासन

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** शहर के विभिन्न वार्डों में व्याप्त पेयजल समस्याओं को लेकर भाजपा रतनगढ़ शहर मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के एक्सईएन महेन्द्र कॉंटीवाल से मुलाकात कर जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए समाधान की मांग रखी। शहर मंडल महामंत्री दीपक मुरारका ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने चाँदगोठिया कुआं एवं नवलगढ़िया टंकी से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, लाल कुएं के पास नई पाइपलाइन डालने, मनोहर दास की समाधि के पीछे जल सप्लाई शुरू करवाने तथा आक्सा मस्जिद के पास मेघवाल मोहल्ले में जल व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई। इसके अलावा भानिधोरा टंकी के पास वाल में हो रही लीकेज को ठीक करवाने और हरिदास की ढाणी सहित अन्य वार्डों में सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित करने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा गया। शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने बताया कि बैठक में शहर में जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज, अनियमित जल आपूर्ति तथा आगामी गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता बनाए रखने जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जलदाय विभाग के एक्सईएन महेन्द्र कॉंटीवाल ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें क्रमवार नोट किया और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जलदाय विभाग के एईएन विकास यादव, जेईएन रेखा गौड़, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, मंडल मंत्री भिवराज प्रजापत, हेमंत पंवार, कन्हैयालाल चौमाल, ओमप्रकाश बबेरवाल, गजानंद चोटिया, निरंजन नाई, पृथ्वी सिंह, जुगल प्रजापत, धनराज सैनी, प्रदीप सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 227 हाई रिस्क गांवो में लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

### हरी झंडी दिखाकर निक्षय वाहन किया रवाना

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 227 हाई रिस्क गावों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से किया जाएगा जिसमें जिले में टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग व बीपी, शुगर व हिमोग्लोबिन की जांच की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी रतनगढ़ डॉ मनोज शर्मा ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया साथ ही बताया की राज्य सरकार की ओर से चिन्हित 227 हाई रिस्क गावों में हेल्ड हैंड एक्स-रे मशीन से ज्यादा से ज्यादा एक्स-रे व बलगम की जांच कि जाए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि राज्य सरकार के 30 प्रतिशत के आधार जिले के 227 गांवों को हाई रिस्क गांव माना है ब्लॉक रतनगढ़ में 30, चूरू 27, राजगढ 30, सरदारशहर 60, तारानगर 26 व सुजानगढ़ 29 व बीदासर में 25 हाई रिस्क गावों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे।



## मलसीसर स्कूल की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन कुमार सोनी रहे। पवन सोनी के सौजन्य से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 प्रतिभाओं का चांदी का सिक्का देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार स्वामी ने की। इस अवसर पर पवन सोनी ने कहा कि निरंतर मेहनत हमें सफलता की ओर ले जाती है। प्रधानाचार्य राजेंद्र स्वामी ने कहा कि समय आने पर मेहनत का फल अवश्य मिलता है। धर्म सिंह मीना ने बताया कि कक्षा 12 विद्यालय की 5 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 10 और 12 के 26 छात्र छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। सम्मान समारोह में प्रतिभाओं और अभिभावकों का सम्मान किया गया। कक्षा 12 की रीना शर्मा 94 प्रतिशत, निशा 93.20 प्रतिशत, कांता मेघवाल 91.20 प्रतिशत, कुमकुम शर्मा 90.40 प्रतिशत, पूजा कंवर 90.60 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग में अनिल नायक 88 प्रतिशत, चंदा 86 प्रतिशत, रीना शर्मा 88 प्रतिशत, कक्षा 10 के टॉप 3 छात्रों को चांदी का सिक्का देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गणेश खिलेरी, कालूराम खिलेरी, कैलाश शर्मा, सुभाष शर्मा, राजेंद्र भाटी, गोपाल डीलर, स्टाफ के लक्ष्मी पिलाणिया, सुरेन्द्र कुमार, रूघाराम, मोहित, रोहित, राहुल, हेमंत, नरेश मीना, विजयपाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद और लक्ष्मी पिलाणिया ने किया। इसके बाद रैली में निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने स्वागत किया।

## जैन श्वेताम्बर हिंदी माध्यम स्कूल के बच्चों ने रचा इतिहास













जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर (राजस्थान) की ओर से घोषित कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कक्षा 12वीं (वाणिज्य वर्ग) के 11 विद्यार्थियों व कक्षा 12वीं (कला वर्ग) के नौ विद्यार्थियो ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया बल्कि अपने माता-पिता के मान-सम्मान व गौरव को भी बढ़ाया है। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने विद्यालय न्यास के सदस्यों को बेहतर प्रबंधन, मार्ग-दर्शन एवं सहयोग के लिए साधुवाद देते हुए उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता / अभिभावकों, विद्यार्थियों व विद्यालय स्टॉफ को इस ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम की बधाई दी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं (वाणिज्य वर्ग) के लिए आयोजित परीक्षा में विद्यालय के 29 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें से ग्यारह विद्यार्थियो ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें समीहा गौरी 96.40', नीरज अग्रवाल 95.60', निखिल कुमार 95.00', हर्षिता शर्मा 94.60', सक्षम जालान 94.00', कृष प्रजापत 92.80', निधि खेमका 92.40', रश्मि सोनी 92.40', देवेश जालान 92.00', सूरज तंवर 92.00' व शांतनु शर्मा 91.20' शामिल है। वहीं कुल 29 विद्यार्थियों में 25 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं (कला वर्ग) के लिए आयोजित परीक्षा में विद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से नौ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें गौरवी राठौड़ 96.00', भारती 94.00', आयुष्का औझा 93.60', रश्मि 93.20', हर्षिता जांगिड़ 92.40', लक्षिता स्वामी 91.60', रेखा भाटी 91.20', रोमिका 91.00' एवं सना अली 90.60', शामिल है। वहीं सभी 40 विद्यार्थी में से 28 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि सभी 40 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उर्तीण हुए। उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं (वाणिज्य वर्ग) में समीहा गौरी 96.40', नीरज अग्रवाल 95.60' व निखिल कुमार 95.00' अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 12वीं (कला वर्ग) में गौरवी राठौड़ 96.00', भारती 94.00' एवं आयुष्का औझा 93.60' अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

## मेधावियों विद्यार्थियों का सम्मान कर मनाया विजयोत्सव

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। उत्कृष्ट परिणाम पर विद्यालय में विजयोत्सव मनाते हुए मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का साफा व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य प्रमील कुमार ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रा पलक पाराशर ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मधु कुमावत ने 93.6 प्रतिशत, दीक्षा सैनी ने 93 प्रतिशत, अक्षत वर्मा ने 92.6 प्रतिशत व कोमल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।विद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। इस दौरान एसडीएमसी सदस्य केशरदेव, प्रदीप चोटिया, मोहसिन पठान, कुसुमलता पारीक, अरुणा पाराशर सहित एसएमसी सदस्यों ने विद्यालय स्टाफ के प्रयासों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट परिणाम के लिए आभार व्यक्त किया।



## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** महेन्द्र सिंह बड़सरा के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों व शिक्षक संगठनों से जुड़े अनेक व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान रघुवीर स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर संयुक्त निदेशक (चूरू) संगीता मानवी, संयुक्त निदेशक कार्यालय निदेशालय बीकानेर की अनुसूईया, डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया, शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र शर्मा व उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां, राष्ट्रीय शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण कुमार सैनी एवं जिलाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा उपस्थित रहे। इसके साथ ही अम्बेडकर शिक्षक संघ के प्रदेश संरक्षक व सलाहकार शिशराम माहिच, अजाक के जिलाध्यक्ष राजकुमार चिडदिया, प्रदेश सदस्य हंसराज, राजस्थान राज्य संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण व जिलामंत्री फूलसिंह बूरडक, बड़सरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह, रेसला शिक्षक संघ के अमित सहारण व सुरेन्द्र शर्मा, शेखावाटी मिशन 100 के प्रतिनिधि रामावतार भादाला के नेतृत्व में टीम, लोकतांत्रिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गोदारा भी मौजूद रहे। साथ ही सियाराम शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री उम्मेद डूडी, राजकुमार मूंड, रेसटा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजेन्द्र, समाजसेवी शुभकरण जानू, प्रदेश मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र धायल तथा जिले के रेसा शिक्षक संघ परिवार की ओर से धर्मेन्द्र मूंड, विजय कुमार धीनवाल, कुलदीप राव व रेसापी शिक्षक संघ परिवार से जितेन्द्र बुडानिया व परमेन्द्र कुल्हार सहित अनेक प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभा में उपस्थित सभी अतिथियों ने महेन्द्र सिंह बड़सरा को राजकीय सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी व उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का वातावरण सम्मान, सौहार्द व प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।